


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 08 | ग्वालियर बुधवार 24 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौती, आपदा को सहने वाला आधारभूत ढांचा समय की मांग

## खड़गपुर के 66वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

नई दिल्ली।

**जलवायु परिवर्तन और इसके कारण उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं ने विश्व के समक्ष बड़ी चुनौती उत्पन्न की है, ऐसे में आईआईटी को आपदा के प्रभावों का सामना करने में सक्षम आधारभूत ढांचा विकसित करने में मदद करनी चाहिए। यह विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी खड़गपुर के 66वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही है, भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का सुरक्षित एवं वहनीय पर्यावरण अनुकूल विचार दुनिया के सामने रखा और इसे मूर्त रूप दिया।**



पीएम ने आपदा सहने में सक्षम आधारभूत ढांचे पर वैश्विक गठबंधन (सीडीआरआई) का जिक्र किया जिसकी घोषणा वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्यवाही शिखर सम्मेलन में किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे में भारत ने दुनिया का ध्यान आपदा प्रबंधन के मुद्दे पर दिलाया है। आपने देखा कि हाल ही में उत्तराखंड में क्या हुआ। हमें आपदा सहने में सक्षम आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए जो प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों को बर्दाश्त कर सके।' उन्होंने कोविड-19 से मुकाबले के लिये आईआईटी द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी और उसकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थानों को अब स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी समस्याओं का भविष्योन्मुखी समाधान तलाशने के लिये तेजी से काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी खड़गपुर के दीक्षांत समारोह में छात्रों से कहा, 'आप भारत के 130 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।' उन्होंने कहा कि आपने जो सोचा है, आप जिस नवाचार पर काम कर रहे हैं, संभव है उसमें आपको पूरी सफलता ना मिले, लेकिन आपकी उस असफलता को भी सफलता ही माना जाएगा, क्योंकि आप उससे भी कुछ सीखेंगे। मोदी ने कहा, '21वीं सदी के भारत की स्थिति भी बदल गई है, ज़रूरतें भी बदल गई हैं और आकांक्षाएं भी बदल गई हैं। अब आईआईटी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ही नहीं बल्कि स्थानीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के रूप में अगले स्तर पर ले जाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि भारत को ऐसी प्रौद्योगिकी चाहिए जो पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाए, टिकाऊ हो और लोग ज्यादा आसानी से उसका इस्तेमाल कर पाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नक्शे और भूस्थानिक आंकड़ों को नियंत्रण से मुक्त कर दिया है। इस कदम से प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पारिस्थितिकी को बहुत मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा, 'इस कदम से आत्मनिर्भर भारत का अभियान भी और तेज होगा। इस कदम से देश के युवा स्टार्टअप और नवोन्मेषकर्ताओं को नई आजादी मिलेगी।' उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन के जिस मार्ग पर अब आप आगे बढ़ रहे हैं, उसमें निश्चित तौर पर आपके सामने कई सवाल भी आएंगे।

## स्वदेशी मिसाइल का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण



**नई दिल्ली** । रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ द्वारा भारतीय नौसेना के लिए स्वदेश में निर्मित और डिजाइन की गई कम दूरी की %वर्टिकल लांच सतह से हवा में मार करने वाली वीएल-एसआर एसएएम मिसाइल का यहां सफलतापूर्वक दो बार प्रक्षेपण किया गया। मिसाइल का परीक्षण चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। डीआरडीओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि यह मिसाइल विभिन्न नजदीकी लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी ने भी वीएल-एसआर एसएएम प्रणाली का सफल परीक्षण करने वाले दल को बधाई दी। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बधाई देते हुए ट्वीट किया( स्वदेश में विकसित कम दूरी की %वर्टिकल लांच सतह से हवा में मार करने वाली (वीएल-एसआर एसएएम) मिसाइल का ओडिशा के तट पर सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के लिए डीआरडीओ को बधाई।

## न्यूज़ ट्रैक

### 70 हजार करोड़ की इस साल घरेलू रक्षा खरीद होगीः राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के दौरान घरेलू रक्षा खरीद के लिए बजट में 70 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि रक्षा बजट में 18.75 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। जबकि उससे पहले साल के बजट से तुलना करें तो यह बढ़ोत्तरी करीब 30 फीसदी की है। पिछले डेढ़ दशक में यह अब तक की सर्वाधिक बढ़ोत्तरी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि घेरलू रक्षा उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। अगले पांच सालों में सेनाओं के आधुनिकीकरण पर 130 अरब डालर की राशि खर्च की जानी है। इसमें देश खरीद को प्राथमिकता दी जा रही है।



### राहुल गांधी का आरोप, मोदी सरकार चुनी हुई सरकार को गिराती है

**वायनाड।** पुडुचेरी में कांग्रेस की सरकार गिरने और मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने उपराज्यपाल टी सौंदरराजन को अपना इस्तीफा दे दिया है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल मलप्पुरम में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधकर चुनी हुई सरकारों को गिराने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि वहां एक के बाद एक चुनी हुई सरकारों को गिराते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार चुनाव जीतने का मतलब चुनाव हारना है और चुनाव हारने का मतलब चुनाव जीतना है। लेकिन वहां सच का सामना करने से बच नहीं सकते हैं।उन्होंने कहा कि पहली बार दिल्ली में एक सरकार (केंद्र सरकार) है जो अपनी इच्छा और ताकत न्यायपालिका पर थोप रही है। सरकार न्यायपालिका को वहां नहीं करने दे रही है जो उसे करना चाहिए और ऐसा सिर्फ न्यायपालिका के साथ ही नहीं है, बल्कि हमें लोकसभा और राज्यसभा में भी चर्चा नहीं करने दिया जाता है।



# मृत किसानों को श्रद्धांजलि नहीं देने पर विधानसभा में हंगामा

भोपाल।

भोपाल और इंदौर में कोराना संक्रमण एक बार फिर पैर पसारता दिखा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी से अपील की है कि हम सभी को सजग रहना है। हर व्यक्ति को मास्क लगाना अनिवार्य है। लेकिन मंत्री-विधायकों को इसकी परवाह नहीं है। विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को कई विधायक और मंत्री बिना मास्क लगाए देखे गए। जब उनसे पूछा गया कि मास्क क्यों नहीं पहना है तो किसी ने हनमानजी की, किसी ने वैदिक जीवन और योग पद्धति तो किसी ने अपनी हिम्मत का उदाहरण देकर मामले का पटाक्षेप कर दिया। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ऊषा ठाकुर भी बिना मास्क के विधानसभा पहुंची थी। जब उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री ने कोरोना से बचाव की सावधानियां बनाए रखने की अपील की है, तो उन्होंने कहा कि मैं हनुमान चालीसा का पाठ करती हूं, इससे रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ती है। विधानसभा सत्र के दौरान मास्क नहीं पहनने पर विधायक रामबाई ने कहा कि जिसके पास हिम्मत होती है वही कुछ कर सकता है।



## बिना मास्क लगाए विधानसभा पहुंचे कई मंत्री-विधायक

मास्क नहीं लगाने पर जो जुर्माना होगा वह मैं दे दूंगी, लेकिन मास्क नहीं लगाऊंगी। मुझे घबराहट होती है। मंत्री ठाकुर ने आगे कहा कि वेदों को 10 हजार साल पूरे हो रहे हैं। दुनिया में जिसे श्रेष्ठतम तरीके से जीना है, वह वेदिक जीवन पद्धति अपनाए। उसे कोई तकलीफ छूकर नही जा पाएगी। जब उनके पूछा गया कि उन्होंने मास्क नहीं लगाने पर कहा कि मैं वैदिक जीवन और योग पद्धति का अनुसरण करती हूं। प्रतिदिन शंख बजाती हूं। काढ़ा पीती हूं। गाय के गोबर के कंडे पर हवन करती हूं। हनुमान चालीसा का पाठ करती हूं। यह मेरी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह मेरा कोरोना से बचाव है। गमछा गले मे रखती हूं अगर कोई पास आये तो मुंह पर रख लेती हूं। विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही बगैर किसी कारण के एक घंटे में ही स्थगित कर दी गई। इस दिन कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने थे लेकिन सत्र स्थगित होने से ये टल गए। दरअसल, दूसरे दिन की शुरुआत में सरकार ने उत्तराखंड के चमोली हादसे और सीधी बस हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली सहित देश में किसान आंदोलन के दौरान करीब 200 किसानों की मौत हुई है, उन्हें श्रद्धांजलि क्यों नहीं दी जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा- यह समय श्रद्धांजलि देने का है न कि विवाद का। मैं इसकी इजाजत नहीं देता हूं कि श्रद्धांजलि के दौरान कोई व्यवधान उत्पन्न हो। इसके बाद कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सबसे पहले, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजलि देने के लिए खड़े हुए। तभी पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ ने कह दिया जब उत्तराखंड में बाढ़ में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही है तो दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान 200 किसानों की मौत हुई, उनको भी श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए।

# बीजेपी को एक बार फिर बंपर जीत



**अहमदाबाद।** कथित सत्ता विरोधी लहर को ध्वस्त करते करते हुए सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुजरात में एक बार फिर बंपर जीत हासिल की है। किसान आंदोलन के बीच हुए निकाय चुनाव में बीजेपी ने गुजरात की सभी छह नगर निगमों पर फिर कब्जा जमाया है तो कांग्रेस को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। आलम यह है कि सूरत में तो पार्टी का खाता भी नहीं खुला, जबकि आम आदमी पार्टी ने यहां दो दर्जन से अधिक सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर आ गई है तो बीएसपी और एआईएमआईएम को भी जश्न का मौका मिला है। बीजेपी को कुल 576 सीटों में से 489 पर जीत हासिल हुई है, जोकि पिछले बार के मुकाबले 100 अधिक है। 2015 के चुनाव में बीजेपी को 572 में से 389 सीटों पर जीत मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बेहद खराब प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस निकाय चुनावों का इस बार भी हाल बुरा रहा। कांग्रेस के लिए यह कितना बड़ा झटका है इसका अंदाजा इस बात से लगाइए कि पार्टी को इस बार महज 45 सीटें मिली हैं, जबकि 2015 में इसने 174 सीटों पर कब्जा जमाया था यानी 129 सीटों का नुकसान हुआ है। अहमदाबाद और जामनगर के अलावा सभी अन्य नगर निगमों में कांग्रेस सिंगल डिजिट में सिमट गई तो सूरत में खाता भी नहीं खुल सका। अहमदाबाद में कांग्रेस को 15 सीटें मिलीं तो कुल 192 सीटों में से बीजेपी को 165 सीटों पर जीत मिली।

**गुजरात निकाय चुनाव**

# खड़े टैंकर में घुसी कार 6 दोस्तों की मौत किसी का हाथ तो किसी का सिर धड़ से अलग हुआ



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। वे पार्टी करके लौट रहे थे। उनकी कार खड़े टैंकर में पीछे से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर की स्टेपनी टूट गई और कार का अगला हिस्सा पिछली सीट से जा मिला। हादसा सोमवार रात करीब एक बजे निरंजनपुर चौराहे के पास हुआ। दो दोस्त सीट से उछलकर बोनट पर आ गिरे। उनमें से किसी का हाथ तो किसी का सिर धड़ से अलग हो चुका था। वे देवास की तरफ से आ रहे थे। हालांकि, अभी यह नहीं पता चला है कि वे पार्टी करने कहां गए थे और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। लसूड़िया पुलिस के एसआई नरसिंह पाल ने बताया कि कार बुरी तरह डैमेज हो चुकी थी। इसे गैस कटर से काटकर शवों को बाहर निकालना पड़ा। इसमें कुल छह लोग ही सवार थे। चार की मौके पर ही मौत हो गई। दो दोस्तों की सांसें चल रही थीं, लेकिन एमवाय अस्पताल में उन्होंने भी दम तोड़ दिया।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


## घर से मिले कैश और गहने

# सहायक समिति प्रबंधक निकला करोड़पति

जबलपुर।

**सतनाएमपी में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। सतना में भी ईओडब्ल्यू ने सितपुरा सहायक समिति प्रबंधक के ठिकानों पर छापेमारी की है, जिसमें करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इस छापेमारी में 2 करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति उजागर हुई है। अभी भी कागजातों की जांच जारी है। दरअसल, सतना जिले के सितपुरा में पदस्थ सहायक समिति प्रबंधक राजमणि मिश्रा आय से अधिक संपत्ति की शिकायत 6 माह पहले ईओडब्ल्यू को मिली थी।**



गोपनीय सत्यापन करने के बाद कोर्ट का वारंट लेकर आज सुबह तड़के छापेमारी की गई है। मोहित सक्सेना के नेतृत्व में सहायक समिति प्रबंधक राजमणि मिश्रा के आवास सहित कई ठिकानों में छापा मारकर ?3 लाख नगद, 4 घर और कई एकड़ खेती की जमीन के दस्तावेज वाहन बरामद हुए हैं इसके अलावा भारी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण जांच के दौरान पता चला है। वहीं, अभी तक जांच के दौरान दो करोड़ रुपए की चल अचल काली कमाई उजागर हो गई है। जांच अभी भी जारी है।

## संक्षिप्त समाचार



# छिन्दवाडा से इतवारी नागपुर तक पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, छिंदवाड़ा दैनिक पुष्पांजली टुडे।**

छिन्दवाडा से इतवारी नागपुर तक पैसेंजर ट्रेन का आज से संचालन शुरू हो गया है। नैरोगेज बंद होने के लगभग 5 साल बाद छिन्दवाड़ा जिले के निवासियों को यह सौगात मिली है। जिले के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ इस गाड़ी का स्वागत किया। रेल्वे स्टेशन छिन्दवाड़ा प्रबंधक श्री संतोष श्रीवास ने बताया कि प्रतिदिन गाड़ी क्रमांक–08119 इतवारी नागपुर से प्रात॰ 7॰45 बजे छूटकर प्रात॰ 11॰45 बजे छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन पहुंचेगी तथा गाड़ी क्रमांक–08120 छिंदवाड़ा रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12॰40 बजे छूटकर 17॰30 बजे इतवारी नागपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि आज कुल 170 टिकिटों की बिक्री हुई जिसमें 250 यात्रियों ने यात्रा की और रेलवे को 10 हजार 615 रुपये का राजस्व मिला

# महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की होगी थर्मल स्केनिंग



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल मध्यप्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्थित उनके कक्ष में जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में भोपाल में बढ़ते कोरोना केसेस को देखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये बैठक में सर्व–सम्मति से तय हुआ कि महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की थर्मल स्केनिंग की जाये। थाना स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समाजसेवी और व्यापारियों की बैठक कर जन–जागरूकता के लिये आवश्यक कदम उठाये जायें। कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए धरना–प्रदर्शन पर भी रोक लगाने का निर्णय बैठक में लिया गया जिले में मेला स्थान पर कोरोना गाइड–लाइन का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाये। सभी बाजारों में दुकानदारों को मास्क लगाने की अनिवार्यता और सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिये जायें। नगर निगम जन–जागरूकता के लिये रोको–टोको अभियान को पुन॰ शुरू करे और मास्क नही लगाने पर 100 रुपये का अर्थदण्ड लिया जाये। हाट–बाजारों में भी कोरोना गाइड–लाइन का पालन सुनिश्चित करवाया जाये बैठक में विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, श्री रामेश्वर शर्मा, श्री पी.सी. शर्मा, श्री विष्णु खत्री सहित कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया, डीआईजी श्री इरशाद वली, नगर निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नल जल योजना को लेकर भेड़िहरवा पंचायत में पहुची पंचायती राज बिभाग की टीम

पश्चिम चंपारण नरकटियागंज प्रखंड के भेड़िहरवा पंचायत में पहुची पंचायती राज बिभाग की टीम, वार्ड संख्या एक मे नलजल योजना की गहनता से की गई जाच, गौरतलब हो कि यहां वार्ड संख्या एक मे नलजल योजना में अनिमितता की शिकायत स्थानिये निवासी आफताब आलम के द्वारा की गई थी जिसके आलोक में मंगलवार को पंचायती राज विभाग से जाच टीम पहुची जाच के दौरान योजना के नियमावली अनुसार गहनता से जाच की गई.वही पंचायती राज बिभाग से आये अधिकारी धीरज कुमार सिंह मुख्य अभियंता ने बताया कि आफताब आलम द्वारा विभागीय शिकायत की गई थी.जिसके आलोक में विभागीय टीम गठित कर गहनता से जाच की गई जिसकी जांच रिपोर्ट बिभाग को सौपा जाएगा.. उक्त जाच टीम में अजय कुमार कुंडल, सुजीत कुमार सिन्हा,डीपीआरओ बेतिया बिनोद रजक,बीडीओ सतीश कुमार,सीओ राहुल कुमार,बीपीआरओ पंकज कुमार,कनीय अभियंता रजनीश कुमार आदि उपस्थित रहे और भेडिहरवा पंचायत मुखिया सन्नी दुबे, वार्ड सदस्य असफाक,लालबबू सिंह आदि उपस्थित रहे।



# कोराना के कारण देश के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग हर चौथा शख्स बेरोजगारी की मार झेल रहा है

**पुष्पांजली टुडे**

देश में कोरोना लॉकडाउन के बाद ग्रामीण क्षेत्र में लगभग हर चौथा शख्स बेरोजगारी की मार झेल रहा है। पिछले दिनों बेरोजगारी का राष्ट्रीय औसत 24.01 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 24.34 के लेवल पर पहुंच गया है ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है बेरोजगारी की दर देश में लॉकडाउन कोरोना के संकट से निपटने के लिए लागू किया गया था, लेकिन इसके चलते रोजगार का संकट गहरा गया है। देश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। बीते वर्ष से इस वर्ष में में गांवों में बेरोजगारी दर में 2 फीसदी का इजाफा हो गया है। प्राइवेट रिसर्च ग्रुप सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के मुताबिक ग्रामीण भारत में बेरोजगारी की दर 25.09 फीसदी हो गई है, जो पहले 22.79 पर्सेंट ही थी।



हालांकि इस दौरान शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी की दर में गिरावट देखने को मिली है और अब यह 22.72 फीसदी ही रह गई है, जो पहले 26.95 पर्सेंट थी हालांकि इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजदारी की दर में लगातार इजाफा हो रहा है। फिलहाल देश में लगभग हर चौथा शख्स बेरोजगारी की मार झेल रहा है। पिछले सप्ताह बेरोजगारी का राष्ट्रीय औसत 24.01 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 24.34 के लेवल पर पहुंच गया है। गांवों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ने की एक बड़ी वजह शहरों से गांवों की ओर मजदूरों का पलायन है। इसके चलते पहले से ही बेरोजगारी के संकट से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों में आंकड़ा नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। हालांकि इस दौरान शहरी क्षेत्र में 18 मई से काफी हद तक दुकानों और फैक्ट्रियों के खुलने के चलते बेरोजगारी में कुछ कमी देखने को मिली है आर्थिक जानकारों के मुताबिक अभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने गति नहीं पकड़ी है और उपभोग के स्तर में इजाफा होने में अभी समय लगेगा। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों से गांवों में बड़े पैमाने पर पलायन होने के चलते दबाव भी बढ़ा है। इसलिए गांवों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ गई है। फिर भी शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी के लेवल में गिरावट के चलते कुछ राहत मिलती दिख रही है। 24 मई को समाप्त सप्ताह में शहरी बेरोजगारी की दर 22.72त्न रही , जो 17 मई को समाप्त सप्ताह के मुकाबले काफी कम थी। तब बेरोजगारी की दर 26.95त्न थी। इस तरह से देखें तो शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी की दर में करीब 4 फीसदी की कमी देखने को मिली थी बीते एक महीने में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी की यह सबसे कम दर है। इसकी वजह सीमित मैनपावर के साथ फैक्ट्रियों में काम शुरू होना, दुकानों का चलना और मार्केट में भी कुछ हद तक गतिविधियां शुरू होना है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का आंकड़ा कम होने की वजह रिवर्स पलायन भी है। गांवों से रोजगार की तलाश में आए लोगों को संकट में वापस लौट जाने के चलते भी शहरों में आंकड़ा घटा है और गांवों में इजाफा देखने को मिला है।

# गौ सेवको ने नहर में गिरी गौ माता एवं बच्चे को 1 घण्टे का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन कर सुरक्षित बाहर निकालक बचाई जान



गौ सेवको की नि:स्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा निरन्तर जारी आज श्योपूर नहर में गिर गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाल बचाई जान। गौ माता के नहर में गिरने की सूचना मिलते ही तुरन्त पहुचे गौ सेवक। गौ सेवको ने स्थानिय लोगो के सहयोग से रस्सियों के सहारे बांधकर 1 घण्टे का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन कर गौ माता को सुरक्षित बाहर निकालकर बचाई जान ।गौ सेवको की नि:स्वार्थ भाव से की जा रही सेवा की लोगो की प्रशंसा सेवा कार्य मे जिलाध्यक्ष किम्मी गौतम,नगर अध्यक्ष राधे पचौरी,जय सिंह भदौरिया ,सिद्धार्थ चौहान,शुभम परमार, प्रदीप वर्मा का सहयोग रहा।



# बाबा सालार गाजी रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स सम्पन्न

**विनोद पाठक**

**श्योपुर।** गद्दीनशीन अजहर हाशमी व खादिम असलम बाबा द्वारा ओर समस्त जायरीन द्वारा जनता नगर से चादर रवाना हुई ओर बाबा सालार गाजी रहमतुल्लाह अलैह की दरगह पर चादर पोशी की गई। कुरानखानी ओर गुस्ल की रश्म के साथ सालाना उर्स सम्पन्न हुआ। सभी जायरीनो को तबर्रुक तकसीम हुआ। श्योपुर के सभी जायरीन ने उर्स में शिरकत की जिसमे खादिम असलम बाबा अजहर हाशमी मजीद बेग मुन्ना चाचा रईस भाई डॉ निजाम साहब मास्टर निसार खान कल्लू भाई ने शिरकत की ओर शहर के अमनो अमान ओर कोरोना महामारी से निजात की दुआएं मांगी

# अम्बाह महाविद्यालय में एनसीसी कैंप का आयोजन

**केशब पडित जी अम्बाह**

अम्बाह 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा के निर्देशन में %बी %एवं %सी% प्रमाण पत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी ग्राउंड पचासा मैदान पर किया जा रहा है। यह कैंप दिनांक 24 फरवरी से 28 फरवरी 2021 के मध्य आयोजित होगा जिसमें महाविद्यालय के बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मिलित होने वालेलगभग 200 छात्र और छात्रा केडेट प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को लीडरशिप ,व्यक्तित्व विकास, समाज सेवा , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ,आपदा प्रबंधन, पर्यावरण जागरूकता के साथ–साथ हथियार प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे ।कैंप से पूर्व जगह का अवलोकन करने 30 मध्यप्रदेश बटालियन भिंड के एडम अधिकारी कर्नल सुमित पंत ने दिनांक



20 फरवरी 2021 को महाविद्यालय आए जहां पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने उनका स्वागत किया इस अवसर पर मेजर वी के जैन, कैप्टन मनोज शर्मा तथा लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने भी एडम अधिकारी कर्नल पंत का स्वागत किया ।कर्नल पंत के साथ सूबेदार मेजर बृजेश सिंह ने लिविंग एरिया, कैंप साइट ,ड्रिल एरिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया ।आज दिनांक 22 फरवरी एवं 23 फरवरी को बटालियन के सूबेदार मेजर के नेतृत्व में बटालियन की लगभग पूर्ण टीम में आकर व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक तैयारियां पूर्ण की ।विदित हो इस तरह का कैम्प महाविद्यालय में प्रथम बार आयोजित हो रहा है जिसमें 30 मध्यप्रदेश बटालियन भिंड पूर्ण रूप से अंबा में आकर महाविद्यालय के कैडेटों को प्रशिक्षण दे रही है।

# अखिल भारतीय मारबाड़ी महिला सम्मेलन महू शाखा ने बांटे कम्बल



**इंदौर(अर्पित गुप्ता)**

इंदौर जिले के महू तहसील में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन महू शाखा के द्वारा जान जागरण के तहत शीतकाल के चलते हुए कम्बल व सैनिटरी नैपकिन दिए गए ।शाखा द्वारा मध्य भारत हॉस्पिटल में डॉ हंसराज वर्मा को मरीजों के लिए कंबल दिए व पीड़ित महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन दिए गए ।तो वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए हॉस्पिटल में अंगदान का पोस्टर लगाया गया ।इस कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष अंशुल जी गुप्ता,सरिता जी खंडेलवाल,अध्यक्ष किरण गोयल,सचिव राजकुमारी अग्रवाल और शाखा की बहने उपस्थित थी ।तो वहीं प्रांतीय अध्यक्ष अंशु जी गुप्ता ने एक पीड़ित महिला को धनराशि देकर उसकी मदद की।




# तीन कृषि कानून के विरोध में आगामी कार्यक्रम हेतु बैठक आयोजित

**बड़ौदा ।** कृषि कानूनों के विरोध में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संसदीय क्षेत्र में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में आयोजित किसान महापंचायत की तैयारी के लिए कृषि उपज मंडी बड़ौदा में बड़ौदा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई ? ।किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रचार प्रसार व धन संग्रह के लिए समितियों का गठन करके सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने प्रण प्राण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया ।





# सँयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान महा पंचायत कार्यक्रम हेतु बैठक सम्पन्न



**प्रेमसर।** कृषि कानूनों के विरोध में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संसदीय क्षेत्र में आयोजित किसान महापंचायत की तैयारी के लिए मंगलवार को अनगढ़ बालाजी, प्रेमसर पर ढोटी – प्रेमसर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई ? । किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित बैठक में 8 मार्च को मध्यप्रदेश की पहली विशाल किसान महापंचायत श्योपुर में होने जा रही है जिसमें श्योपुर के अलावा राजस्थान के सवाई माधोपुर, कोटा, बांरा, मध्य प्रदेश के शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना जिले के किसान भी भागीदारी करेंगे महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, किसान नेता गुरनाम सिंह चढुनी, किसान नेता युद्धवीर सिंह, किसान नेता अमराराम, नरेश मीणा किसानों को संबोधित करेंगे । किसान महापंचायत की तैयारी हेतु संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता बैठक करके किसान महापंचायत को सफल बनाने की योजना बनाकर तैयारी कर रहे जिसके अंतर्गत मंगलवार को ढोटी प्रेमसर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई । बेठक में धन संग्रह व प्रचार प्रसार की समिति का गठन किया गया व आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बैठक में उपस्थित सभी किसानों प्राण प्रण से जुटने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किसान नेता अनिल सिंह, सरदार रेशम सिंह, रामेश्वर आसीदा, राजेंद्र ननावद, श्याम सिंह जाट, भागसिंह, राममुकेश सरपंच, कप्तान जाट, रामअवतार, गुरप्रीत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

## ग्राम पंचायत की राशि गबन करने वाला पूर्व सरपंच मुकेश रावत तथा फरार आरोपी वीर सिंह गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट



ग्राम पंचायतो की राशियों का गबन करने वालो कि अब खेर नही ,की जावेगी राशि वसूल खानी पड़ेगी जेल कि हवा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य के निर्देशन तथा एसडीओपी बडोनी उपेंद्र दीक्षित जी के मार्गदर्शन में बडोनी पुलिस की कार्यवाही ग्राम पंचायत कि राशि का गबन करने वाले पूर्व सरपंच मुकेश रावत पंचायत राव बुजुर्ग का श्रीमान जिलाधीश महोदय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिसे आज दिनांक को बडोनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया आज दिनांक को थाना बडोनी पुलिस द्वारा विगत 03 साल से फरार वारन्टी वीर सिंह पुत्र अमर सिंह चौहान उम्र 30 साल निवासी कुरथरा थाना बडोनी को ग्राम कुरथरा से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया । आरोपी के विरुद्ध थाना बडोनी पर पूर्व से 03 अपराध पंजीबद्ध है । थाना प्रभारी बडोनी र वन्द्र शर्मा सउनि मान सिंह, राजेश नगार्च, प्र आर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, राम सिंह, आर शिवराम कि कार्यवाही

## जनता को मिली मायूसी

# इटावा को इस बार भी बजट में कुछ नहीं मिलाः गोपाल यादव

### इटावा के सांसद और दोनों विधायकों के दावे भी हवाई साबित



**इटावा।** जिस इटावा जनपद में दो विधायक और सांसद भाजपा को दिए उस इटावा को इस बार भी बजट में कुछ नहीं मिला। क्योंकि यह वर्ष चुनावी वर्ष है तो इटावा जनपद की जनता यह उम्मीद कर रही थी कि कम से कम इस बार तो बजट में इटावा जनपद को कोई नया प्रोजेक्ट या कुछ तो जरूर मिलेगा,लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के अंतिम बजट में भी इटावा जनपद की जनता को मायूसी ही हाथ लगी है। इटावा के सांसद और दोनों विधायकों के दावे भी हवाई साबित हुए हैं इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया ने बहुत गाजे-बाजे के साथ हवाई किले बनाते हुए रामनगर क्रासिंग पर ओवरब्रिज और लायन सफारी में जैव विविधता पार्क बनवाने की घोषणा की थी लेकिन यह घोषणा हवाई ही है क्योंकि इनमें से किसी भी प्रोजेक्ट के लिए बजट में एक नया पैसा भी जारी नहीं किया गया है इसी तरह से सदर विधायक सरिता भदौरिया ने रूरा ग्राम में यमुना नदी के नदी पर पुल बनवाने की घोषणा की थी लेकिन इस संबंध में भी बजट में एक भी नया पैसा आवंटित नहीं किया गया है तो इसलिए इटावा सदर विधायक की यह घोषणा भी हवाई ही है वर्तमान विधायक सावित्री कठेरिया ने काऊ सफारी का घोषणा की थी वह भी हवाई साबित हुई क्योंकि उसके लिए भी कुछ नहीं किया गया इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश में सरकार आए 4 साल हो गई आज तक इटावा जनपद में 1 नए पैसे का कोई काम नहीं हुआ बल्कि जो हमारी सरकार के समय के काम थे और थोड़े बहुत छूट गए थे उनको भी पूरा कराने के लिए इस सरकार ने कोई पैसा नहीं दिया।महोला मैं नवीन कारागार का थोड़ा सा काम रह गया था,लेकिन 4 साल बीतने के बाद भी नवीन कारागार का काम पूरा नहीं हो पाया है।चकरनगर में ग्राम महुआ में यमुना नदी के पुल पर यमुना नदी का निर्माण थोड़ा सा बचा था,लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की उपेक्षा के कारण अभी तक पुल पूरा नहीं हो पाया है।इसी तरह से कन्धेसी में यमुना नदी पर बनने वाले पुल का थोड़ा सा निर्माण बाकी रह गया था लेकिन सरकार की हठधर्मिता के चलते यह काम भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट है कि इटावा जनपद में अगर कोई दल विकास करवा सकता है तो केवल समाजवादी पार्टी करवा सकती है भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को गुमराह करके वोट तो ले लेते हैं लेकिन उसके बाद इटावा जनपद में विकास का कोई काम नहीं करवा पाते हैं। इसलिए अब इटावा जनपद की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को उनकी वादाखिलाफी का सबक सिखाने का फैसला कर लिया है।

# भदौरिया को किसानों की समस्याओं से करवाया अवगत



**श्योपुर।** भारतीय जनता पार्टी श्योपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल आचार्य जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र वैष्णव पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतीश समाधिया ने सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया को किसानों को पंजीयन में हो रही परेशानियों का निराकरण कराने एवं पंजीयन तिथि को बढ़वाने के संबंध मे तथा खेतो में फसल की गिरदावरी करवाकर वास्तविक फसल का पंजीयन करवाने करवाया अवगत श्योपुर जिले के अन्तर्गत तहसील श्योपुर बड़ोदा कराहल वीरपुर विजयपुर क्षेत्र के किसानों को गेहूं चना सरसो के पंजीयन हो रहे है उनको कई परेशानिया आ रही है जिले में आधे से ज्यादा किसानों के पंजीयन होना बाकी है पंजीयन की तिथि 25 फरवरी 2021 तय हैजबकी पंजीयन कराने की साइड धिमिचल रही है तथा किसान चक्कर काटते 2 परेशान है कई किसानों की फसल जो वर्तमान मेंखेतो में उनको कई पटवारियों द्वारा कई किसानों की फसलों का गलत इंद्राज कर दिया है उनको भी सही करवाने हेतु गिरदारिया हेतु समय देना चाहिए अत: आपसे अनुरोध है कि किसानों को पंजीयन में हो रही परेशानी के निराकरण हेतु 1.पंजीयन की साइड धीमी चल रही है उसमें सुधार किया जाए 2. किसानों की फसलों का सही इंद्राज करवाने हेतु 2 दिवस की गिरदावरी पटवारी से करवाने हेतु 3.पंजीयन की तिथि 15 मार्च 2021 तक करवाने हेतु



## शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया

बृजपाल सिंह गुर्जर

**पुष्पांजली टुडे मेहगांव।** आज दिनांक 23 फरबरी को मेहगांव एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर के नेतृत्व में पानी की टंकी के पास गांधी प्रतिमा पर शहडोल और भोपाल मै हुए महिलाओं एवं लड़कियों पर बलात्कार , अत्याचार की घटनाओं को लेकर भारती जनता पार्टी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया अंकित तोमर ने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार आई है तबसे महिलाओं पर मध्यप्रदेश में अत्याचार बढ़ गए इस लिए एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर रोष जाहिर किया है इस कार्यक्रम में उपस्थित अजमेर गुर्जर, मनीष शिवहरे, विकाश शर्मा , रोहित शुक्ला, अभिषेक भदौरिया,संतू बिथरिया, संजू खान, रफीक खान, विनोद श्रीबास, ऋतिक भदौरिया, शिवम कुशवाह, पवन चौधरी,शिवम स्मधिया, सोनू,अंशुल, कृष्णा, श्यामू, अंशू, आनंद, अंकित, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 90 आवेदकों के आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे)

**भिण्ड।** कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 90 आवेदको की गंभीर होकर फरियाद सुनी एवं आवेदनो पर कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल, सीईओ जिला पंचायत श्री आईएस ठाकुर, एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।




जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत के समक्ष श्री कमलेष सिंह पुत्र श्री सुन्दर सिंह निवासी जिंद की गढिया ने बताया कि प्रधानमंत्री योजनान्तर्गत गांव में शौचालय बनाए गए और हमारे घर पर शौचालय का निर्माण हो चुका है लेकिन अभी तक हमे शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हुई है मुझे शौचालय निर्माण की राशि दिलाई जाए।



## पुलिस की तत्परता से 5 लाख की चोरी गई कार बरामद

**मुरैना ।** पुलिस थाना सबलगढ़ में कुछ दिन पूर्व ही एक इंडिका कार अज्ञात चोर चुरा कर ले गए थे पुलिस इस मामले में लगातार छानबीन कर रही थी उधर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पांडे ने पुलिस थाना सबलगढ़ और एसडीओ की सबलगढ़ को निर्देशित किया था इस मामले में तत्काल कारवाई की जाए पुलिस अधीक्षक सुनीलकुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार एसडीओपी सबलगढ़ और थाना प्रभारी सबलगढ़ ने दविस देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे एक इंडिका कार इसकी कीमत 498000 को जप्त करने में सफलता हासिल की है या बता दें कि पिछले 11 दिसंबर को मुकेश कुशवाह पुत्र रानीकुआरोड सबलगढसे एक इन्डिकाकार चोरी गई थी

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 8 मार्च को

**मुरैना।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 8 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षकों से संवाद करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विगत 8 फरवरी को आयोजित कलेक्टर्स कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही आंगनवाडी में पोषण आहार एवं पूरक पोषण आहार के वितरण की समीक्षा, कुपोषण से मुक्ति के लिए अपनाई गयी रणनीति के क्रियान्वयन की समीक्षा, माफिया के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा। फ्रंट लाईन वर्कर्स को कोविड टीकाकरण कार्यक्रम पर चर्चा एवं गेहूँ उर्पाजन की समीक्षा। मैदानी अमले की फील्ट में उपस्थिति के संबंध में प्रस्तावित योजना पर चर्चा।

# कोविड पुनः दस्तक न दे अभी से एतिहात बरतें- कलेक्टर मुरैना

**मुरैना।**

कोविड एक बहुत बड़ी बीमारी है इससे बचने के लिये हम सभी को एतिहात बरतने होंगे। प्राय: देखने में आया है कि महाराष्ट्र, केरल में कोविड के केस पुन: बढ़ने लगे हैं इसलिये हम सबको सजग रहने की जरूरत है। महाराष्ट्र और केरल से आने वाले लोगों की रेल्वे स्टेशन या जिस क्षेत्र में पहुंच रहे हैं उस क्षेत्र में पहुंचकर उनकी थर्मल स्क्रीनिंग कराई जाये और 14 दिन के लिये होम क्वारेंटाइन रहने की सलाह दें। महाराष्ट्र, केरल से आने वाले लोगों की कोविड टेस्ट भी करा लें। यह बात कलेक्टर बी कार्तिकेयन मंगलवार क्रायसिस मैनेजमेंट की बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों से कही। इस अवसर पर बैठक में वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सबलगढ विधायक बैजनाथ सिंह कुशवाह, मुरैना विधायक राकेश मावई जुड़े। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज, अपर कलेक्टर उमेश प्रकाश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी प्रस्तुत थे। कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन ने कहा कि कोविड हम सबके लिये गंभीर बीमारी है। इससे बचने के लिये एतिहात बरतें, लोगों में अवेयरनेस फैलायें कि मास्क का उपयोग करें, सेनेटाइजर लगायें और दो मीटर की दूरी अवश्यक बनायें।



उन्होंने कहा कि नगर निगम और नगरीय निकाय प्रतिदिन कचरा उठाने वाली गाड़ियों पर कोविड से बचने के लिये आवश्यक सावधानियों के जिंगल बनाकर तैयार किये जायें और उन्हें बजवाया जाये। शहरों के प्रमुख बाजारों, प्रमुख चौराहों पर पोस्टर बैनर में कोविड से बचने के लिये मास्क लगायें। इस प्रकार के संदेश लिखवाये जायें। उन्होंने कहा कि जो लोग मास्क का उपयोग नहीं करते हैं उन पर निश्चित राशि तय की जाये जिससे प्रत्येक व्यक्ति मास्क लगाये।

उन्होंने कहा कि दुकानदार भी अपनी दुकान पर सेनेटाइजर एवं मास्क रखें जो भी व्यक्ति सामग्री लेने के लिये आता है उसे सामग्री अवश्य दें और उसे बिना मास्क के आता है तो उसे एक मास्क अवश्य पहनायें जिसकी राशि समग्री खरीदते समय उस राशि में से काटें। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रेल्वे स्टेशन पर महाराष्ट्रा और केरल से आने वाले मुसाफिरों की थर्मल स्क्रीनिंग करने के लिये टीम गठित कर दी है। यह टीम शीघ्र ही अपनी सर्चिंग का कार्य प्रारंभ करेंगी। कलेक्टर ने कहा कि बैंकों, शासकीय कार्यालयों में सेनेटाइजर उपलब्ध रहे तथा प्रत्येक व्यक्ति मास्क का उपयोग अवश्यक करे। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन सभी के लिये कठिनाई का कारण था। इससे बचने के लिये अभी से एतिहात बरतने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार पांडे ने कहा कि क्रायसिस मैनेजमेंट के सभी सदस्य अपने अपने मोबाइल से एक एक मिनट का वॉइस बोलकर तैयार करें जिसमें कोविड से बचने के लिये सेनेटाइजर मास्क का उपयोग और दो गज की दूरी का पालन करें इस प्रकार का संदेश सोशल मीडिया पर जायेगा तो यह मैसेज सुदूर एवं अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंचेगा तो लोग सजग होकर इसका पालन करेंगे। यह विधि बिना खर्च की है। जनप्रतिनिधि जनता में जनजाग्रति करेंगे तो लोगों में बहुत अच्छे से मैसेज जायेगा। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे हॉटस्पॉट देखें जहां महाराष्ट्र और केरल से लोग आये हों। उन स्थानों पर मीटिंग के माध्यम से समझायें। यह समस्या बड़ी है लड़ाई लड़नी होगी। लोग बाहर से ऐसे रूटों की बसों को चिन्हित करें जहां पर कोविड तेजी से बड़ रहा है। समाजसेवी आगे आयें और निचली बस्तियों में मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण करायें। मुरैना विधायक श्री राकेश मावई ने कहा कि पहले जैसे हालत न बनें। समारोह में भीड़ एकत्रित न हो। कार्यक्रमों में रोक लगायें। जिला प्रशासन जो भी निर्णय लेगा उस निर्णय में हम सब सहयोग देंगे। सबलगढ विधायक श्री बैजनाथ सिंह कुशवाह ने कहा कि कोविड एक बहुत बड़ी बीमारी है इससे बचने के लिये हम सभी को अभी से एतिहात बरतनी होगी इसके लिये मैं तो सभी विधायकों से यह कहना चाहता हूं कि विधायक अपनी विधायक निधि से 2-2 लाख रूपये दें जिससे उस इकटठी राशि से अच्छा से प्रचार प्रसार हो सके।

## संपादकीए

# खेती का मिजाज

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम का गड़बड़ाता मिजाज खेती के लिए बड़ा संकट बन गया है। इससे केवल देश को अन्न उपलब्ध कराने की क्षमता ही नहीं, कृषि पर लोगों की निर्भरता भी घटी है। इस कारण खेती के काम में लगे लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। कहीं विकास के नाम पर तो कहीं शहरीकरण की चपेट में खेत सिमट रहे हैं। खेती में फायदा न देख उससे विमुख हो रहे लोगों की संख्या साल-दर-साल तेजी से बढ़ रही है। राज्यों के हिसाब से देखें तो सबसे बुरा हाल उत्तर प्रदेश का है। यह दुखद है कि राज्य का किसान दिल्ली या फिर ऐसे ही अन्य महानगरों में दूसरों की चाकरी करे, गांव की खुली हवा-पानी छोड़ कर महानगर की झुग्गियों में बसे और यह मानने को मजबूर हो जाए कि उसका श्रम किसी पूंजीपति के पास गिरवी रख दिया गया है।हालांकि पूरे देश में ही खेतों के बंटवारे, खेती की बढ़ती लागत, फसल के वाजिब दाम के सुनिश्चित न होने, सिंचाई की माकूल व्यवस्था के अभाव जैसी समस्याओं के कारण खेती पिछड़ रही है। परिवारों के बंटवारे से जैसे ही जोत छोटी होती है तो खेती में मशीन व तकनीक के उपयोग की लागत बढ़ जाती है। इसी के चलते किसान खेती से बाहर निकल कर वैकल्पिक रोजगार की तलाश में खेत बेच कर बड़े शहरों की राह पकड़ता है। देश में किसानों की कुल संख्या लगभग 15 करोड़ है। पांच साल पहले यह संख्या करीब 14 करोड़ थी। लेकिन इसमें लघु और सीमांत किसानों की संख्या 86 फीसद है। वहीं उत्तर प्रदेश में लघु और सीमांत किसान 93 फीसद हैं जिन्हें खेती के बदौलत दो जून की रोटी मिलना मुश्किल हो रहा है। बुंदेलखंड जैसे इलाकों में हर तीन-चार साल में अल्प वर्षा तो खेती की दुश्मन है ही, आवारा पशु एक नई समस्या के रूप में उभरे हैं। एक तो छोटा-सा खेत, वह भी प्रकृति की कृपा पर आश्रित और उसमें भी गायों का रेवड़ घुस गया तो किसान बर्बादी अपनी ही आंखों के सामने देखता रह जाता है। यदि मवेशी को भगाएं और वह दूसरे के खेत में चले गए तो उससे फौजदारी तय है। ऐसे में बुंदेलखंड से दिल्ली आने वाली ट्रेन व बसें हर समय गारा-गुम्मा का मजूरी करने वालों से अटी रहती हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में करीब ढाई करोड़ हेक्टेयर भूमि है जिसमें से शुद्ध बुआई वाला रकबा एक करोड़ 68 लाख 12 हजार हेक्टेयर है जो कुल जमीन का करीब 70 फीसद बैठता है। जाहिर है, राज्य के निवासियों की रोजी-रोटी का सबसे बड़ा जरिया खेती ही है। राज्य में कोई ढाई फीसद जमीन उसर या खेती के अयोग्य भी है। प्रदेश के तिरपन प्रतिशत लोग किसान हैं और कोई 20 फीसद खेतिहर मजदूर। यानी लगभग तीन-चौथाई आबादी इसी जमीन से अपना अन्न जुटाती है। एक बात और गौर करने लायक है कि 1970-1990 के दो दशकों के दौरान राज्य में कुल बोया गया क्षेत्रफल 173 लाख हेक्टेयर स्थिर रहने के बाद अब लगातार कम हो रहा है। ऐसोचेम का कहना है कि हाल के वर्षों में कृषि के मामले में उत्तर प्रदेश की सालाना विकास दर महज 2.9 फीसद है, जो राष्ट्रीय फीसद 3.7 से बेहद कम व निराशाजनक है। विकास के नाम पर सोना उगलने वाली जमीन की दुर्दशा इस आंकड़े से आंसू बहाती दिखती है कि यूपी में सालाना 48 हजार हेक्टेयर खेती की जमीन कंक्रीट द्वारा निगली जा रही है। 2013 की कृषि नीति में सरकार ने खेती की विकास दर 5.3 फीसद तक ले जाने का लक्ष्य तय किया था। इसके लिए अनुबंध खेती, बीटी बीज जैसे प्रयोग भी शुरू किए गए, लेकिन जमीन पर कुछ दिखा नहीं, क्योंकि यह सब तभी संभव है जब खेती लायक जमीन को सड़क, शहर जैसे निर्माण कार्यों से बचाया जा सके।

# सड़क पर जाती जिंदगी, जिम्मेदार कौन ?

**किरण कुमार**

**प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। 16 फरवरी 2021 मंगलवार को सुबह करीब साढे सात बजे मध्यप्रदेश के सीधी में एक बस के 22 फुट गहरी बाणसागर नहर में गिरने से 47 यात्रियों की दर्दनाक मौत से हर भारतीय गमगीन है।मृतको में 12 छात्र थे।जो रेलवे की परीक्षा देने सतना जा रहे थे। सात लोगों को बचा लिया है।32 सीटर बस में 60 लोग सवार थे।हादसे का कारण तेज रफतार माना जा रहा है।बस का चालक ने तैरकर नहर से बाहर आ गया पुलिस से उसे हिरासत मे ले लिया है।सरकार ने मुआवजे का ऐलान कर दिया है। देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा।1जनवरी 2021 से लेकर 16 फरवरी 2021 तक दो महिनों में हजारों सड़क हादसे हो चुके है। वर्ष 2021 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है।**

देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह है।लाशों को अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे है। 11 से 20 जनवरी 2021 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया ।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं।।28 जुलाई 2018 को महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले में शनिवार दोपहर को चालक के नियंत्रण खोने से एक बस 500 फुट खाई में गिर गई।हादसे में 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मारे गए लोग विश्वविद्यालय के कर्मचारी थे। बस कोकण क्षेत्र में एक कृषि विश्वविद्यालय के इन कर्मचारियों को पिकनिक के लिए महाबलेश्वर ले जा रही थी।पल भर में ही मौत की नींद सो गए।अभागे लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी।अभी बीते 1 जुलाई 2018 को उतराखंड में घटित हुआ था ।उतराखंड के गढवाल मंडल के पौडी जिले के नैनीडांडा विकास खंड के पिपली भौन मोटर मार्ग पर धूमाकोट के नजदीक एक यात्रियों से भरी एक बस के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से 50 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी बस में मरने वालों में 22 पुरुष तथा 17



महिलाए और आठ बच्चे शामिल थे। कुछ माह पहले एक भीषण हादसा पशिचिमी बंगाल में हुआ था मुर्शिदाबाद जिले के इस्माइलपुर में एक सरकारी बस के नदी में गिरने से 36 यात्रियों की मौत हो गई थी। यह बस नदी पर बनी रेलिग तोड़कर नदी में जा गिरी।9यात्रियों ने तैर कर अपनी जान बचा ली तथा 9 लोग घायल हो गए।बस में 60 यात्री सफर कर रहे थे। शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए।हादसों की सूची बढती ही जा रही है। 26 अप्रैल को कुशीनगर में चालक की घोर लापरवाही से हुए एक हादसे में कई घरों के चिराग चिरनिद्रा में सो गए थे। 2018 को एक भीषण हादसा कांगड़ा के नूरपुर के चेली में घटित हुआ था जहां एक निजि स्कूल की बस के खाई में गिरने से 26 बच्चो समेत 30की मौत हो गई थी।अधिकतर बच्चे नर्सरी में पढ़ने वाले थे इस हादसे में मरने वालों में बस का चालक ,एक शिक्षक व एक युवती शामिल थे। एक तेज रफतार मोटर साईकल सवार को बचाने के चलते यह हादसा सामने आया।हादसा इतना भंयकर था कि 24 बच्चो ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया था यह दर्दनाक हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ।यात्रीयों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी सफर होगा। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों पंजाब में एक जीप व ट्रक की आपसी टक्कर में दर्जनों स्कूली अध्याापक बेमौत मारे गए थे। बीते साल 2020 में कुछ महीनों में तो हादसों पर पुरी तरह लेगाम रह पर लाकडाउन के खुलते ही हादसों में बृद्वि हो गई। भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे।हजारों लोग अपंग हो गए ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। 2018 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है क्योकि धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं।देश की सड़को पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकारों को लोगों को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए।आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं।

## समायिकी

# ममता की राह आसान नहीं

कभी वामपंथी राजनीति का मजबूत गढ़ रहे पश्चिम बंगाल राज्य में गहरे तक पांव जमाए ममता बनर्जी के राजनीतिक अस्तित्व की परतें उधड़ने लगी हैं। वैसे तो पिछले लोकसभा चुनाव के परिणामों ने ममता बनर्जी की छत्रछाया में पनप रही तृणमूल कांग्रेस के धरातलीय आधार को यह स्पष्ट संकेत दे दिया था कि तृणमूल कांग्रेस का विजयी रथ पर कुछ हद तक लगाम लग चुकी है। बंगाल में शून्य से शिखर पर जाने का जी तोड़ प्रयास करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने ममता के किले को उस स्थान से खिसकाने का प्रयास किया है, जो पिछले 15 वर्षों से बंगाल की राजनीति में ममता ने बनाया था। हालांकि प्रारंभ में ममता बनर्जी भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा रहीं, जिसके कारण पश्चिम बंगाल में वामपंथियों के शासन को जड़ से उखाड़ फैंका और ममता बनर्जी के सिर पर सत्ता का ताज स्थापित हो गया। इसके बाद ममता बनर्जी ने जिस प्रकार की राजनीति की, उसके चलते भाजपा और तृणमूल कांग्रेस एक दूसरे के राजनीतिक दुश्मन बनकर सामने आ गए। जिसकी परिणति स्वरूप आज दोनों दल एक दूसरे को पटखनी देने के दांवपेच खेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में लोकसभा के चुनाव के बाद ही भाजपा की बढ़ती ताकत का अहसास हो गया था, वहीं ममता बनर्जी की तानाशाही प्रवृति का शिकार बनी तृणमूल कांग्रेस डूबता जहाज बनने की ओर अग्रसर होती दिखाई दे रही है। हालांकि यह कितना सही साबित होगा, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेता आज ममता बनर्जी से किनारा करने की प्रतीक्षा की ताक में हैं। अभी हाल ही में ममता बनर्जी के खास माने जाने वाले और



तृणमूल कांग्रेस को राजनीतिक अस्तित्व में लाने वाले दिग्गज नेता दिनेश त्रिवेदी ने तृणमूल कांग्रेस से छलांग लगाने के बाद जो वक्तव्य दिया है, वह निश्चित ही इस बात का संकेत करने के काफी है कि अब ममता बनर्जी की आगे की राजनीतिक राह आसान नहीं है। वैसे तृणमूल कांग्रेस की आंतरिक राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इसके लिए स्वयं ममता बनर्जी ही जिम्मेदार हैं। तृणमूल कांग्रेस में अपने पारिवारिक सदस्यों को महत्व देने के बाद पार्टी को सत्ता के सिंहासन पर पहुंचाने वाले वरिष्ठ नेता नाराज दिखाई दे रहे हैं। कुछ नेता खुलकर बोलने लगे हैं तो कुछ अभी समय की प्रतीक्षा कर रहे होंगे। सवाल यह आता है कि जब इतने बड़े नेता तृणमूल कांग्रेस में अपमानित महसूस कर रहे हैं, तब छोटे कार्यकर्ताओं की क्या स्थिति होगी, इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा ममता बनर्जी भविष्य की राजनीति को लेकर भयभीत हैं। यह भय सत्ता चले जाने का है। इसके बाद भी ममता बनर्जी पूरी ताकत के साथ अपनी पार्टी की नाव को एक बार फिर से पार करने का साहस दिखाया रही हैं। इसे साहस कहा जाए या ममता बनर्जी की बौखलाहट, क्योंकि ममता बनर्जी वर्तमान में अपनी पार्टी की नीतियों को कम भारतीय जनता पार्टी को कोसने में ज्यादा समय व्यतीत कर रही हैं। ऐसा लगता है कि वह अपने ही देश की सरकार के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित हो चुकी हैं। इसलिए आज उन्हें भगवान श्रीराम के नाम से चिढ़ हो रही है। जबकि यह सभी जानते हैं कि भारत में भगवान राम का अस्तित्व तब से है, जब न तो भाजपा थी और न ही ममता बनर्जी। इतना ही नहीं आज के राजनीतिक दल भी नहीं थे। इसलिए ममता बनर्जी ने इस नारे को भाजपा से जोड़कर देखने का जो भ्रम पाल रखा है, वह नितांत उनकी संकुचित सोच या एक वर्ग विशेष के प्रति नरम रवैए को ही प्रदर्शित करता है। ममता बनर्जी ऐसा क्यों कर रही हैं, ये तो वही जानें, लेकिन भाजपा ने वही किया है जो उनके घोषणा पत्र में है और इसी घोषणा पत्र पर भाजपा को लोकतांत्रिक रूप से व्यापक समर्थन भी मिला है। यहां यह कहना तर्क संगत ही होगा कि भारत की जनता ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर ही समर्थन दिया है।

# जहरीली शराब पर बंदी कब

**अशोक कुमार**

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में मानपुर छैरा गाँव में देशी शराब के पीने से लगभग 24 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी भी यह संख्या अंतिम नहीं है बल्कि और भी बढ़ सकती है। मानपुर छैरा की घटना जहरीली शराब से मरने वालों की कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएँ घटती रहीं है। न केवल मध्यप्रदेश में बल्कि समूचे देश में और लगभग सभी प्रकार की विचार धाराओं की सरकार में। आमतौर पर जब जहरीली शराब से मरने वालों की घटनायें हुई हैं, वे राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप में उलझकर रह जातीं हैं, और कुछ दिन छापने के बाद जब मीडिया को कोई नया मुद्दा मिल जाता है, तब वो धीरे-धीरे जन चर्चा से बाहर हो जाती है। अमूमन जाँच करने के लिये कुछ कमेटियां बनाई जाती हैं उनकी माह और सालों के बाद रपट आती है। तब तक जनता उन्हें भूल जाती है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल जाती है। यह एक अनन्त कहानी है जो दशकों से चली आ रही है। मानपुर छैरा की घटना के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कुछ बड़े अधिकारियों यानी कलेक्टर, एसपी को हटाया है। कुछ पुलिस वालों के तबादले किए हैं और एक दो पुलिस या आबकारी विभाग के छोटे अधिकारियों को निलंबित किया है। कोई भी सरकार घटना घटने के बाद जो बेहतर कर सकती है वही इस सरकार ने भी किया है। इसीलिए बाद की प्रशासनिक कार्यवाही के प्रति मैं कोई आरोप या कोई शिकायत नहीं कर रहा। शराब से मरने वालों में शराब बेचने वाले परिवार के भी लोग हैं और शराब बेचने वाले अपराधी गिरोह के व्यक्ति भी मौत का शिकार हुए हैं। इसका मतलब हुआ कि शराब बेचने वालों को भी यह जानकारी नहीं थी कि यह शराब कितनी जहरीली हो चुकी हे। इसीलिए मैं मानपुर छैरा शराब कांड और इस प्रकार की सच्ची घटनाओं को दो भिन्न संदर्भें की कसौटी पर



देखना चाहूगा। एक समाज चेतना और सामाजिक दायित्व दूसरा शराब बंदी के बारे में। जहाँ तक पहले बिन्दु का प्रश्न है वह भी एक गंभीर और विचारणीय विषय है। शराब बंदी और समाज सुधार को लेकर कई प्रकार के प्रयोग सामाजिक स्तरों पर पहले भी होते रहे हैं। कुछ जातीय संगठन और उनके धार्मिक गुरू शराब के खिलाफ, दहेज आदि कुरीतिओं के खिलाफ अभियान चलाते रहे हैं, जिनसे फौरी तौर पर कुछ परिणाम भी आए परंतु वे टिकाऊ या दीर्घकालिक साबित नहीं हुए। कुछ अन्य धर्म गुरूओं ने भी अपने-अपने अनुयायी समूहों में जनचेतना अभियान चलाये और धर्म के प्रचार के प्रयोग के साथ-साथ शराबबंदी के अभियान भी चलाएं लेकिन यह भी सफल और टिकाऊ नहीं हुए। मेरी राय में कोई भी धर्म शराब का समर्थक नहीं है। परंतु धर्म संगठन इन असामाजिक अपराधियों पर कोई कार्यवाही करने में असमर्थ है। धर्म गुरूओं के लिये भी धार्मिक मूल्य या उपदेश अमूमन केवल धर्म सभाओं तक सीमित है। उनके अनुयायी उन मूल्यों का पालन कर रहे हैं, या नहीं यह कसौटी उनकी नहीं होती। समाज में भी इस गंभीर बीमारी के प्रति कोई चेतना नहीं है। परिवार या समाज अपने दायित्व के प्रति सजग नहीं है। और अब तो स्थिति इतनी चिंताजनक हो गई है कि, शराब का प्रचलन, बहुत दूर तक फैल गया है। शराब विक्रेताओं ने स्कूलों के बच्चों के लिये 5-10 रूपये वाले, पाऊच (जिन्हें छोटू कहा जाता है) शुरू किये हैं। बच्चों को उनके अभिभावक जो पैसा स्कूल जाने पर जेब खर्च के लिये देते हैं, उस पैसे से बच्चे शराब के पाऊच खरीद रहे हैं तथा स्कूल में पढ़ने के बजाय आसपास के पार्क या सड़कों के पास बैठकर सामूहिक मधपान करने लगे है। मुझे कानपुर के एक मित्र ने दिल्ली वि.वि. के छात्र संघ चुनाव का एक अनुभव सुनाया, जिसे सुनकर मैं हैरान भी हुआ तथा तभी से निरंतर मानसिक चिंतन में ग्रस्त भी हू। उनकी बेटी दिल्ली वि.वि. छात्र संघ का चुनाव जीती थी।

# तंबाकू बर्बाद कर रहा जिंदगी

**सुनील अवस्थी**

**दुनिया में धूमपान करने वाली कुल आबादी के 11.2 प्रतिशत लोग भारत में रहते हैं। अब देखा जाए तो मौजूदा समय में धूमपान अक्षमता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। शोधकर्ताओं का मानना है कि धूम्रपान के खिलाफ अभी एक लंबी अंतहीन लड़ाई लड्नी शेष है। इस समय पूरे विश्व में 25 प्रतिशत पुरुष और 5.4 प्रतिशत महिलाएं धूम्रपान करती हैं। एक दूसरे अनुमान के मुताबिक भारत में लगभग 12 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। वह भी तंबाकू के नुकसान को जानते हुए। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार विश्व भर में तंबाकू सेवन करने वालों में से 12 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार 20वीं सदी में तंबाकू का सेवन करने से लगभग 10 करोड़ लोग मारे गए थे। अगर तंबाकू सेवन का मौजूदा चलन यूं ही चलता रहता है तो 21वीं शताब्दी के अंत तक लगभग एक अरब लोग इसके कारण असमय ही काल-कवलित हो जाएंगे।**




वित्त वर्ष 2005-06 में की गई राष्ट्रीय स्वास्थ परिवार सर्वे के मुताबिक तंबाकू का उपभोग ग्रामीण पुरुषों में खास करके निरक्षर व गरीब लोगों में ज्यादा था। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे, जो कि 15 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को लक्षित करके किया गया था में पाया गया कि 34.6 प्रतिशत वयस्क में 47.9 प्रतिशत पुरुष एवं 20.3 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करते थे। तंबाकू स्वास्थ के लिए बहुत हानिकारक है। इसकी वजह से कैंसर एवं दूसरे रोगों के कारण मरने का खतरा लगातार बना रहता है। इससे विकलांगता का भी खतरा रहता है। वैसे, इससे सबसे अधिक मुंह एवं फेफड़े के कैंसर होते हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में टीबी की बीमारी के कारण सबसे ज्यादा लोग मर रहे हैं, जिसका कारण भी तंबाकू सेवन है। इसके बरक्स सबसे खतरनाक तथ्य तंबाकू के सेवन से शरीर के किसी भी अंग का कभी भी फेल होना है। अगर दूसरे शब्दों में कहा जाए तो इसका लगातार सेवन करने से एक तकलीफदेह मौत निश्चित है। भले ही लोग तंबाकू के सेवन से मर रहे हैं, लेकिन भारत में धुएं के सेवन का इतिहास बहुत ही पुराना है। एक अनुमान के मुताबिक ईसा पूर्व 2000 के पहले से ही इसका उपभोग भारत में किया जा रहा है। धुएं के सेवन के दृष्टांत अर्थववेद में भी पाए जाते हैं। हालांकि, देखा जाए तो भारत में तंबाकू का आगाज 17वीं शताब्दी में हुआ था। तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत होने के बावजूद भारत में सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू का उपयोग दो अक्टूबर-2008 को बंद कर दिया गया था। हालांकि, अभी भी इस बंदिश का अनुपालन देश भर में नहीं किया जा रहा है। लोग सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू पीने के आदी हैं। ऐसे में तंबाकू का सेवन नहीं करने वाले लोग भी बिना किसी गलती के तंबाकू जनित रोग के शिकार हो रहे हैं। भारत में तंबाकू सेवन करने की समस्या बहुत ही गंभीर है। स्वास्थ के दृष्टिकोण से और दूसरे कारणों से भी। दरअसल, भारत में तंबाकू सेवन के बहुत सारे प्रकार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी, हुक्का और चिलम आदि पिया जाता है तो शहरों में सिगरेट, सिगार, चुरूट आदि। खैनी, पान, जर्दा आदि के जरिए भी तंबाकू सेवन किया जाता है, लेकिन तंबाकू सेवन के इस प्रकार को अपनाने वालों की संख्या कम है। मौजूदा समय में भारत में तंबाकू से बहुत सारे उत्पाद बनाए जा रहे हैं। इसका आर्थिक पक्ष बहुत ही सबल है।



# काजोल ने सफेद और काले रंग की शॉर्ट ड्रेस में साझा की हॉट तस्वीर,

**मुंबई।** बॉलीवुड की अभिनेत्री काजोल हमेशा पारंपरिक वस्त्रों में दिखाई देती हैं। वे हर अंदाज में सुंदर दिखाई देती है। लेकिन इन दिनों काजोल अपनी एक फोटो की वजह से वे खासी सुर्खियों में है। इस फोटो को में काजोल सफेद और काले रंग की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही है। इस फोटो में काजोल का ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है। काजोल ने इस फोटो को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है जिस पर प्रशंसक अपना खूब रिएक्शन दे रहे हैं और कमेंट भी कर रहे हैं। इसके लायक बनने के लिए कभी भी देर नहीं होगी कि आप जो भी बनना चाहते हैं। इस वायरल हो रही फोटो में काजोल ऐ-सिमेट्रिकल डिजाइन की आउटफिट में नजर आ रही हैं। इसमें अपर पोर्शन प्लेन फैब्रिक से बना है, जिसे हाई नेक, फुल स्लीव्स और बॉडी फिट डिजाइन दिया गया है। नैचरल वेस्ट से शुरू हुए ऐ-सिमेट्रिकल स्कर्ट पोर्शन पर ब्लैक ऐंड वाइट स्ट्राइप्स थीं। इस लुक को काजोल ने ग्लैम मेकअप, रेड चेरी लिप्स और स्टाइलिश हेयर डू के साथ परफेक्ट फिनिश दी। फैन्स इस तस्वीर पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं, ऐक्ट्रेस की इस फोटो पर फैन्स कमेंट करते हुई आइ लव यू लिख रहे हैं। काजोल को आखिरी बार प्रियंका बनर्जी की शॉर्ट फिल्म देवी में देखा गया था, जिसमें नेहा धूपिया, नीना कुलकर्णी, श्रुति हासन, संध्या म्हात्रे, मुक्ता बर्वे, शिवानी रघुवंशी, रमा जोशी और यशस्विनी दायमा भी थीं। एक्ट्रेस का अगला प्रोजेक्ट रेणुका शहाणे की त्रिभंगा है, जो उनके डिजिटल कैरियर की शुरुआत करेगी।



# सैफ अली खान ने कहा, सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने अपने अभियन से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने साल 2020 में तान्हाजी और %जवानी जानेमन% जैसी फिल्मों में किरदार अदा किया, इसमें उनके अभियन की तारीफ हुई ।एक इंटरव्यू में सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म कुली नंबर वन को लेकर बातचीत की। सैफ ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी है। सैफ से पूछा गया कि क्या उन्होंने %कुली नंबर वन का ट्रेलर देखा है, इसके जवाब में सैफ अली खान ने कहा, नहीं, मैंने ट्रेलर नहीं देखा, लेकिन सारा ने मुझे फिल्म के कई



गाने दिखाए हैं, और स्पष्ट है कि उन्होंने इस दौरान काफी मजा किया। सारा को स्क्रीन पर देखना काफी फनी है, क्योंकि मेरे लिए वह अभी भी छोटी बच्ची ही हैं। लेकिन, हां वह अब बड़ी हो चुकी हैं। सैफ अली खान ने इसके अलावा अपनी अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष को लेकर भी बातचीत की। सैफ ने %आदिपुरुष में अपने किरदार के बारे में बताया कि दानव राजा का किरदार अदा करना काफी रोचक है। लेकिन हम उस भी मनोरंजन से भर देने वाले है। सीता के अपहरण और राम से बदले के रूप में हुए युद्ध को स्पष्ट करने वाले हैं, जो उसने अपनी बहन सुर्पनखा की लक्ष्मण द्वारा नाक काटने पर किया था।

# फिल्म मेडे के कास्ट में बिग बी, अजय और रकुल के साथ नजर आएंगी अंगिरा

मुंबई। अभिनेत्री अंगिरा धर थ्रिलर फिल्म %मेडे% के कास्ट में अमिताभ बच्चन, अजय देवगन और रकुल प्रीत के साथ नजर आएंगी। इस ?फिल्म में अंगिरा एक वकील के किरदार में नजर आएंगी। ??फिल्म में शा?मिल होने पर अं?गिरा ने कहा ?कि ÷अमिताभ सर और अजय सर जैसे हमारी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों संग स्क्रीन साझा करने के लिए मैं वाकई में बेहद रोमांचित और उत्साहित हूं। यह एक काफी उल्लेखनीय सफर होने जा रहा है। मिस्टर देवगन द्वारा निर्देशित किए जाने का अब और इंतजार नहीं हो रहा है।÷ इस फिल्म को अजय देवगन द्वारा निर्देशित और निर्मित किया जा रहा है। इस फिल्म के साथ अमिताभ बच्चन और अजय देवगन एक-दूसरे के साथ लगभग सात साल बाद काम करने जा रहे हैं। ये दोनों साल 2013 के अगस्त में आई फिल्म %सत्याग्रह% में आखिरी बार साथ नजर आए थे। इस फिल्म में अजय एक पायलट के किरदार में नजर आने वाले हैं और रकुल उनकी को-पायलट के किरदार में दिखेंगी। बता दें ?कि अंगिरा अब से पहले %कमांडो 3% में नजर आई थीं।



# ग्रीन टी के हैं कई फायदे

आजकल आधुनिक जीवनशैली में काम के बढ़ते दवाब के बीच ही पिछले कुछ सालों में ग्रीन टी पीने का चलन तेजी से बढ़ा है। एक नियत मात्रा में प्रतिदिन ग्रीन टी का सेवन आपकी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद रहता है। कई शोध में भी ग्रीन टी सेहत के लिए फायदेमंद बताई गई है पर जरूरत से ज्यादा ग्रीन टी भी आपके शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकती है, इसलिए जरूरी है कि आप संतुलित मात्रा में ही ग्रीन टी का सेवन कों। ग्रीन टी में एंटी एजिंग तत्व पाया जाता है, इसका सेवन करने से चेहरे की झुर्रियां कम होती है। इसके साथ ही आपके चेहरे पर हमेशा चमक और ताजगी बनी रहती है। इसके अलावा इसे पीने से आप तरोताजा रहते हैं। यदि आप कुछ काम करने के बाद मानसिक रूप से थकान महसूस करने लगते हैं तो ग्रीन टी आपके लिए अच्छी रहेगी। ग्रीन टी में थेनाइन तत्व होता है, जिसमें एमिनो एसिड बनता है। एमिनो एसिड शरीर में ताजगी बनाए रखता है और आपको थकावट महसूस नहीं होती जिससे आपको हमेशा मानसिक शांति मिलती है। आजकल युवा और बुजुर्गों में दांतों में पायरिया और केविटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ग्रीन टी में पाया जाने वाले कैफीन दांतों में लगे कीटाणुओं को मारने में सक्षम होता है। बैक्टीरिया कम होने से आपके दांत लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण उच्च रक्तचाप शरीर में अन्य कई बीमारियों का कारण हो सकता है। इसलिए यदि आपको ब्लड प्रेशर की समस्या है तो ग्रीन टी पिए। इसे पीने से रक्तचाप सामान्य रहने से आपको गुस्सा भी नहीं आएगा। दिल के रोगियों के लिए ग्रीनटी का सेवन बहुत फायदेमंद साबित होता है। ग्रीन टी शरीर में बेड कोलेस्ट्रॉल को कम करके गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मददगार होती है। यदि आप भारी भोजन करते हैं तो आपको नियमित रूप से ग्रीन टी का सेवन करना चाहिए। यदि आपके शरीर में शुगर लेवल बढ़ रहा है तो ग्रीन टी का सेवन आपको बहुत फायदा पहुंचाएगा।

# मानसिक रोग से हों ग्रसित हो तो करें ये उपाय

**बदलती जीवनशैली ने न सिर्फ लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है, बल्कि मानसिक रोगियों की संख्या भी बढ़ती ही जा रही है। मानसिक रोगियों को शारीरिक रोगियों के मुकाबले ज्यादा देखभाल और सहानुभूति की जरूरत होती है, लेकिन होता इसके उलट है। कई बार तो लोगों का व्यवहार मानसिक रोगियों के लिए ज्यादा असहनीय हो जाता है। इसीलिए मानसिक रोगों के लक्षण नजर आने पर भी कई लोग उस बारे में खुलकर बात नहीं करते और डॉक्टर के पास जाने से भी कतराते हैं। इससे रोग और बढ़ जाता है। पूरे विश्व में तेजी से बढ़ती मानसिक रोगियों की संख्या को देखते हुए इनके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।**



**क्या हैं इनके कारण:** आनुवांशिक कारणों के अलावा सामाजिक और पर्यावरणीय कारक भी मानसिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो माता-पिता महत्वाकांक्षा के कारण अपने बच्चों को वक्त नहीं दे पाते या जो बच्चे गरीबी में पले-बढ़े होते हैं या जिनकी मां बचपन में मर जाती हैं या पिता शराब पीकर बच्चों की पिटाई करते हैं, ऐसे बच्चों के बड़े होकर मानसिक रोगी होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। सिर में लगी चोट, संक्रमण, तनाव और अनिद्रा भी व्यक्ति को मानसिक रोगी बना सकती है। लंबे समय तक तनाव में रहने से भी मास्तिष्क की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

**डिप्रेशन:** महानगरों में डिप्रेशन यानी अवसाद से पीड़ित लोगों की संख्या 15-17 प्रतिशत है। आमतौर पर यह बीमारी 13 से 35 वर्ष की उम्र में देखने को अधिक मिल रही है। लोग पूरी नींद नहीं ले पाते। तेज रफ्तार जिंदगी में मस्तिष्क को पूरा आराम नहीं मिल पाता। तनाव के कारण शरीर में कई हारमोनों का स्तर बढ़ता जाता है जिन्हें एड्रिनलीन और कार्ट्रिसोल प्रमुख हैं। इनकी वजह से दिल का तेजी से धड़कना, पाचन-क्रिया का मंद पड़ जाता, रक्त का प्रवाह प्रभावित होना, नर्वस सिस्टम की क्रिया प्रणाली में गड़बड़ी और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने जैसी समस्याएं हो जाती हैं। यह स्थिति कुछ समय तक लगातार बने रहने से अवसाद की स्थिति पैदा हो जाती है।

**डिमेंशिया:** यह भूलने की बीमारी है जो लगातार गंभीर होती जाती है। व्यक्ति नाम और जगहों को भी भूलने लगता है। ऐसे व्यक्ति में भाषा और ध्यान केंन्द्रित न कर पाने की समस्याएं भी देख जाती हैं। इसमें मस्तिष्क का वह भाग नष्ट हो जाता है, जो भावनाओं पर नियंत्रण रखता है। इसलिए व्यक्ति मूडी हो जाता है। तनाव, पोषक भोजन की कमी आदि इसके प्रमुख कारण हैं।

**पार्किंसन:** डोपामिन रसायन हमारे मस्तिष्क की विभिन्न तंत्रिकाओं के बीच संदेशवाहक का काम करता है। जब डोपामिन का निर्माण करने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं तो पार्किसन के लक्षण प्रकट होते हैं। डोपामिन हमारे शरीर की गति को नियंत्रित रखता है। इस लिए इसकी कमी से हाथ-पैरों में कंपकपी, शरीर का संतुलन बिगड़ना, मांसपेशियों का कड़क हो जाना तथा अत्यधिक थकान रहना आम बात हो जाती है। बाद में मरीज डिप्रेशन में चला जाता है।

**सिजोफ्रेनिया:** यह एक जटिल मानसिक रोग है। इसमें रोगी कल्पनाओं में जीने लगता है। इसमें रोगी के लिए वास्तविक और अवास्तविक चीजों में भेद करना मुश्किल हो जाता है। कई मरीजों को अजीब तरह की आवाजें सुनाई देने लगती हैं। वह कई तरह के भ्रम में जीने लगता है। इसका मुख्य कारण एकाकीपन, बेरोजगारी, गरीबी, नशीली दवाओं का सेवन है। बच्चे की अधिक पिटाई भी आगे चलकर इसका कारण बन सकती है।

**अल्जाइमर:** यह एक घातक मानसिक रोग है। इसमें मस्तिष्क की कोशिकाओं का आपस में संपर्क खत्म हो जाता है। परिणामस्वरूप मास्तिष्क की कोशिकाएं नष्ट होने लगती है। यह 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में पाया जाने वाला सामान्य मस्तिष्क रोग है।

**मेनिया:** मेनिया अर्थात उन्माद रोग एक गंभीर मनोरोग है। इसमें रोगी अत्यंत उत्तेजक और हिंसक हो जाता है। यह एक खतरनाक मानसिक अवस्था है। व्यक्ति उत्तेजित हो जाता है तो वास्तविकता से संपर्क टूट जाता है।

**एंजाइटी:** अत्यधिक चिंता, बेचैनी, भविष्य का डर आदि इसका प्रमुख कारण हो सकता है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# ई-उपार्जन पोर्टल पर 21.06 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

## खाद्य मंत्री सिंह ने की उपार्जन पंजीयन की समीक्षा

**भोपाल।** रबी विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये 21 लाख 6 हजार किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है जो कि विगत वर्ष की तुलना में एक लाख 59 हजार अधिक है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह और सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया अधिकारियों के साथ रबी उपज की समीक्षा की। मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष 125 लाख मेट्रिक टन गेहूँ, 20 लाख मेट्रिक टन दलहन और तिलहन के भंडारण का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है। उपार्जन अनुमान के अनुसार अधिकारियों को अनाज के भंडारण, परिवहन, बारदाना और वित्तीय व्यवस्था की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि दलहन एवं तिलहन का उपार्जन प्राथमिकता से गोदाम स्तरीय केन्द्रों पर किया जाएगा, जिससे स्कन्ध का शीघ्रता से परिवहन एवं भंडारण कराया जा सके। सहकारिता मंत्री श्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि पंजीकृत किसानों से 15 मई तक उपार्जन पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वर्षा के पूर्व ही उपार्जित स्कन्ध को शीघ्रता से परिवहन किया जाकर भंडारण कराया जा सके। इससे वर्षा से होने वाली क्षति से बचा जा सकेगा। किसानों की सुविधा के लिये विगत वर्ष के अनुसार ही लगभग 4500 केन्द्रों पर गेहूँ का उपार्जन किया जाएगा प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज़ अहमद किदवई ने बताया कि किसान पंजीयन का कार्य प्रदेश के 3518 केन्द्रों पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गिरदावरी किसान एप, कॉमन सर्विस सेन्टर, कियोस्क पर भी किसानों को पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विगत वर्ष 45 लाख 7 हजार हेक्टेयर रकबा गेहूँ के लिए पंजीकृत हुआ था। इस वर्ष अभी तक 42 लाख 87 हजार हेक्टेयर रकबा पंजीकृत हो चुका है। सभी किसानों का पंजीयन हो सके इसके लिए पंजीयन की तिथि 25 फरवरी तक की बढ़ाई गई है। बैठक में मंत्रीद्वय के अलावा प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री पी. नरहरि, प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री अभिजीत अग्रवाल, संचालक खाद्य एवं प्रबंध संचालक वेयर हाऊससिंग लाजिस्टिक कापोरेशन श्री तरूण पिथोड़े एवं सहकारिता विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रदेश की 63 हजार बूथ कमेटियों को प्रशिक्षण देगा कांग्रेस का बूथ प्रबंधन प्रशिक्षण विभाग

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी बूथ प्रबंधन प्रशिक्षण विभाग द्वारा बूथ प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों मे एक दिवसीय कार्यशाला बूथ प्रबंधन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मिर्जा नूर बेग ने आहूत की। कार्याशाला में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा एवं पी.सी. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महासचिव राजीव सिंह व विशिष्ट आतिथ्य पूर्व मंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय राष्ट्रीय प्रशिक्षक योगेश यादव विशेष आमंत्रित थे। कार्याशाला का संचालन विभाग के प्रशासनिक महासचिव प्रदीप पाण्डेय ने किया। कार्याशाला के दौरान बूथ से संबंधित बारीकियों को विस्तार से महा सचिव राजदत्त शर्मा ने बताया। कार्यशाला मे सज्जन सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि कांग्रेस पार्टी सिद्धान्तों और विचारधारा कि पार्टी है जिसकी इतिहास में गौरवगाथा भरी पडी है। वहीं पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने प्रशिक्षकों को बताया कि पार्टी कि जीत बूथ से सुनिश्चित होती है अतः बूथ पर मजबूती और ऐहतिआत के साथ प्रशिक्षण आवाश्यक है। वहीं विभाग के प्रदेशाध्यक्ष श्री नूर बेग ने अनुशासन एवं विभाग कि कार्यप्रणाली के संदर्भ मे विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया। कार्यक्रम मे प्रदेश के सभी जिलों से आये पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत मे आभार भोपाल के जिलाध्यक्ष जावेद खान ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट पार्क के समीप किया वृक्षारोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन एक वृक्ष लगाने के संकल्प के तहत श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क के निकट पीपल का वृक्ष रोपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने साल में एक वृक्ष अवश्य लगाने का आव्हान नागरिकों से किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया, डी.आई.जी. इरशाद वली, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ आदित्य सिंह आदि भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संकल्प के तहत मंगलवार को स्मार्ट पार्क के पास खुली भूमि पर पीपल का वृक्ष रोपा और स्वयं श्रमदान करते हुए वृक्ष हेतु बनाए गए थाले को मिट्टी से भरा।

### मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयुक्त का ऐतिहासिक निर्णय

## आमजन को पदाधिकारियों से शासकीय राशि की वसूली की दी जाए जानकारी- राहुल सिंह

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार की जानकारी और इन मामलों में दोषी पदाधिकारियों को पद से हटाने की पूरी कार्रवाई को वेबसाइट पर उपलब्ध कराने के आदेश दिए है। इसके अलावा सिंह ने अपने आदेश में इन प्रकरणों में पदाधिकारियों से शासकीय राशि की वसूली की तमाम जानकारी भी आम जनता को देने को कहा है। आयोग का मानना है कि फाइलों में सालों से दफ़न इन कार्यवाही के उजागर होने से पंचायत में भ्रष्टाचार निरोधी पारदर्शी व्यवस्था में कसावट आएगी। सरकारी राशि में गबन करने पर मप्र में जिलों से लेकर गांव तक पंचायत नेटवर्क में दोषी पंचायत पदाधिकारियों के विरुद्ध मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993-94 की धारा 40 और 92 के तहत कार्यवाही की जाती है। धारा-40 पंचायत के पदाधिकारियों को हटाने के संबंध में है और धारा 92 में शासकीय धन की वसूली के प्रावधान है। दरअसल पंचायत स्तर पर अक्सर राजनीतिक दवाब के चलते कार्यवाही फाइलों में दबकर रह जाती है। राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने अपने आदेश में कहा कि अभी जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक धारा-40 और 92 की कार्रवाई में पारदर्शिता का अभाव है, जिसके चलते इन प्रकरणों में की गई कार्रवाई की जानकारी प्रभावित व्यक्तियों एवं आम जनता की पहुंच में नहीं है। सिंह ने अपने निर्णय में ये भी कहा कि धारा-40 की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर शासन स्तर पर कई निर्णय लिए गए। ज़मीनी स्तर पर उनका पालन नहीं किया जा रहा है। राज्य सूचना आयोग ने अपने निर्णय में अवर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी 2016 में दिशा-निर्देश का उल्लेख किया है। इसमें निर्देश दिया गया था कि जिलास्तर पर मासिक बैठक की जाए और धारा-40 के तहत कार्यवाही निर्धारित 4 महीने की समय अवधि में सुनिश्चित की जाए।

## सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान का स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने किया शुभारंभ

**भोपाल ।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने आज गाँधी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी और विधायक हुजूर श्री रामेश्वर शर्मा ने अभियान की शुरुआत बच्चों को पोलियो खुराक पिला कर की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण जारी रहा। इस अवधि में जीरो से 5 वर्ष आयु के 29 लाख 33 हजार बच्चों और 8 लाख 48 हजार गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया



कि सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान प्रदेश के 7 जिलों भोपाल, भिण्ड, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, इंदौर और खरगोन में संचालित किया जा रहा है। अभियान का दूसरा चरण 22 मार्च से आयोजित किया जायेगा। अभियान में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया जायेगा। हुजुर विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी लोगों का आव्हान करते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत के सरपंच एवं शहरी वार्ड के पार्षद का सकारात्मक सहयोग एवं नेतृत्व अपेक्षित है। साथ ही सभी परिवार- जन एवं प्रदेश के ऊर्जावान स्वास्थ्य दल के सदस्यों से आहवान करना चाहता हूँ कि जिस प्रकार 2015 से 2018 के बीच संचालित मिशन इंद्रधनुष अभियानों में हमने सर्वाधिक पूर्ण टीकाकृत दर प्राप्त कर, प्रशंसा अर्जित की थी उसी प्रकार 22 फरवरी एवं 22 मार्च से आयोजित 2 चरणों के सघन मिशन इंद्रधनुष 3.0 अभियान को मिलकर सफल बनायेंगे यह मेरी अपेक्षा भी है एवं विश्वास भी है।



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने खातेगांव विधायक श्री आशीष शर्मा के कन्नौद निवास पहुँचकर उनके चाचाश्री सत्यनारायण शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. श्री शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

## नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम का प्रदेश कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**भोपाल।** नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम पदभार ग्रहण करने के पश्चात् सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर पहुंचे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम सोमवार दोपहर में प्रदेश कार्यालय आए। उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, रणवीर सिंह रावत, हरिशंकर खटिक, सरदेन्दू तिवारी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र शर्मा एवं जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने पुष्पहारों से उनका स्वागत किया।

# जिलों में टेलेंट सर्च डीएसओ की जिम्मेदारी, कोई एक्सक्यूस नहीं चलेगा, विधायक कप पुनः प्रारंभ होगा

## खेल मंत्री सिंधिया ने 23 जिलों के खेल अधिकारियों से की वर्चुअल चर्चा

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि खेल विभाग दो महत्वपूर्ण कम्पोनेन्ट पर विशेष रूप से कार्य कर रहा है। इसमें इन्क्लूसिव है राज्य में संचालित विभिन्न खेल अकादमियाँ और दूसरे एक्सक्लूसिव कम्पोनेन्ट है ग्रामीण परिवेश में टेलेंट सर्च की। यह दोनों महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ जिला खेल अधिकारियों की होगी। श्रीमती सिंधिया सोमवार को मंत्रालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23 ग्वालियर, भोपाल, विदिशा, गुना, सागर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, जबलपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, इंदौर, खरगौन, झाबुआ, धार, उज्जैन, बैतूल, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, रायसेन और सीहोर जिले के जिला खेल अधिकारियों से वर्चुअल चर्चा कर रही थी। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि अब हर जिले के अधिकारियों के सहयोग के लिए पर्याप्त युवा समन्वयकों को जोड़ा गया है। उनसे अपेक्षा है कि अपने संबंधित जिले के हर तीन महीने, छः महीने तथा साल भर की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार कर संचालनालय




में प्रस्तुत करें। हर जिला खेल अधिकारी जिले में खेलों को लेकर नवाचार कर उन्हें क्रियान्वित भी करें। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने निर्देश दिए कि हर जिले में फिट इंडिया कैम्पेन के तहत सायक्लोथोन, मैराथान, वॉकथान और योग की प्रतियोगिताएँ आयोजित कर आम नागरिकों को स्वस्थ्य रहने का संदेश पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। हर युवा कोरडिनेटर अपने क्षेत्र के 50 से 60 आयु वर्ष के नागरिकों को सम्मिलित कर योग, स्ट्रेचिंग आदि के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया प्रधानमंत्री श्री मोदी की अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य हर उम्र के लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि विभाग द्वारा विधायक कप पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी जिला खेल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में प्रचलित अथवा विधायक द्वारा चाहे गए खेल की रूपरेखा तैयार कर संचालक से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैपिंग द्वारा विधानसभा क्षेत्र चिन्हित करें, उस क्षेत्र में क्या खेल अधोसंरचना है, स्टेडियम की स्थिति, इंडोर हॉल है या नहीं, इसकी जानकारी तत्काल संचालनालय को छायाचित्र के साथ भेजें। खेल मंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रखना सामाजिक जिम्मेदारी है। जिला खेल अधिकारी नुक्कड नाटक के माध्यम से अपने क्षेत्र में युवाओं को नशे के बुरे परिणामों से अवगत कराएँ, उन्हें खेलों की ओर आकर्षित करें। युवा समन्वयक छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर स्थानीय कलाकारों के साथ समन्वय कर युवाओं को प्रेरित करें। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बताया कि मार्च माह में प्रदेश के 11 मलखम्ब फीडर सेंटर के मध्य इंटर फीडर सेंटर प्रतियोगिता आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि 2005 में मलखम्ब को राज्य खेल घोषित किया गया था। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मलखम्ब के स्तर की पहचान करना है। इसके दूसरे राज्यों के निर्णायकों को बुलाया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कितने बच्चे अपना हुनर दिखा सकते हैं, इसकी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। श्रीमती सिंधिया ने कहा जैसे संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है, वैसे ही मलखम्ब हर खेल की जननी है। खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने इस तरह के आयोजन हॉकी फीडर सेंटर के मध्य भी भविष्य में आयोजित किए जाने की बात कही।



इंग्लैंड में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए डेनी वेलबेक व टायरिक मिटसेल।

# धोनी के साथ एक और टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं उथप्पा





**नई दिल्ली।** आईपीएल के 14 वें सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने जा रहे रॉबिन उथप्पा का सपना टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के संन्यास लेने से पहले उनके साथ एक और टूर्नामेंट जीतना है। उथप्पा ने पिछले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेला था। इस चेन्नई टीम के साथ जुड़ने के बाद उथप्पा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक इमोशनल वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने चेन्नई टीम, उसके प्रशंसकों और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को लेकर दिल की बात कही है। उन्होंने कहा कि वाणक्कम चेन्नई, कैसे हैं आप? सबसे पहले, मुझे जो आप लोगों से प्यार मिला है। उसके लिए सीएसके के प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। उथप्पा ने आगे कहा कि मेरे लिए यह किसी इच्छा के पूरे होने जैसी बात है। मैं एक बार फिर धोनी के साथ खेलना चाहता था और उनके रिटायर होने से पहले एक टूर्नामेंट जीतना चाहता हूं। उन्होंने इसके साथ ही सुरेश रैना और अंबाती रायडू के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने पर भी खुशी जताई है। उथप्पा 2007 में पहला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम इंडिया में शामिल थे। तब धोनी की कप्तानी में ही भारत ने यह खिताब जीता था। उथप्पा की यह छठी आईपीएल टीम है। इससे पहले वह राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पुणे वारियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।

# कॉनवे की पारी को अश्विन ने सराहा



**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने न्यूजीलैंड को एक रोमांच मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई पर जीत दिलाने वाले बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे की जमकर तारीफ की है। कॉनवे ने इस टी20 मैच में 59 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाये। कॉनवे की इस पारी के बल पर न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 53 रनों से हराया। कॉनवे की इसी पारी को अश्विन ने भी सराहा हालांकि उनका ट्वीट फैंस को पसंद नहीं आया और उन्होंने अश्विन को करारा जवाब दिया। अश्विन ने कॉनवे की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, %कॉनवे बस चार दिन लेट हैं पर क्या पारी खेली।% गौरतलब है कि कॉनवे ने आईपीएल 2021 के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था पर नीलामी में किसी भी टीम ने इस बल्लेबाज को नहीं खरीदा। इस ट्वीट के बाद प्रशंसकों ने अश्विन को करारे जवाब दिये. एक प्रशंसक ने लिखा, %टीम के प्रबंधन में आपसे ज्यादा दिमाग है। हर टीम 8 ही विदेशी खिलाड़ियों को खरीद सकती है।% एक यूजर ने लिखा, % कॉनवे काफी समय से अच्छी फॉर्म में हैं। पता नहीं उनके जैसे खिलाड़ी को आईपीएल में मौका क्यों नहीं मिलता, वहीं मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी करोड़ों कमाते हैं।

# मोटेरा में 100वां टेस्ट खेलेंगे इशांत

## कुंबले की तरह भारतीय टीम को जीत दिलाना चाहेंगे

**अहमदाबाद।**

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के पास इंग्लैंड के खिलाफ यहां मोटेरा स्टेडियम में उतरते ही एक नया रिकार्ड बनाने का अवसर है। बुधवार को शुरु होने वाले दिन-रात के इस टेस्ट में इशांत अगर अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में शामिल किये जाते हैं तो वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। इशांत के पहले बतौर भारतीय तेज गेंदबाज केवल पूर्व कप्तान कपिल देव ने ही 100 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। 2007 में टेस्ट करिअर शुरू होने वाले इशांत ने 80 एकदिवसीय और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय भी खेले हैं हालांकि उन्होंने 2016 के बाद से उन्होंने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इशांत के पहले टीम इंडिया के पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने भी इसी मैदान पर अपना 100वां टेस्ट मैच खेला था। तब भारतीय टीम ने श्रीलंका को 259 रन से हराया था।



100वां टेस्ट खेल रहे अनिल कुंबले ने इस मैच में 7 विकेट लिए थे और 50 रन भी बनाए थे। इससे साफ है कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए मोटेरा का स्टेडियम भाग्यशाली साबित हुआ है। ऐसे में यदि इशांत मोटेरा में उतरते हैं तो वे भी कुंबले की तरह 100वां टेस्ट मैच जीत के साथ यादगार बनाना चाहेंगे। इशांत के टेस्ट करिअर की बात की जाए तो उन्होंने 99 टेस्ट में 302 विकेट लिए हैं। 11 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट लेने का कारनामा किया है। उन्होंने टेस्ट में एक अर्धशतक के साथ 736 रन बनाये हैं। वनडे में इशांत ने 80 मैच में 115 विकेट जबकि 14 टी20 में 8 विकेट लिए।

# घरेलू सुपर 50 कप में मैकेर्थी की शानदार हैट्रिक से जमैका जीता



**जमैका।** जमैकाई ऑफ स्पिनर आंद्रे मैकेर्थी ने वेस्टइंडीज के घरेलू सुपर 50 कप (लिस्ट ए) में बारबाडोस के खिलाफ शानदार हैट्रिक बनायी है। उन्होंने मैच में हैट्रिक लेने के साथ ही 6 विकेट भी लिए हैं। मैकेर्थी की गेंदबाजी से ही जमैका ने यह मैच भी जीता। मैकेर्थी ने इसी साल वेस्टइंडीज टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत की है। मैकेर्थी ने बारबाडोस की पारी के 40वें ओवर में यह हैट्रिक बनायी। उन्होंने अपने ओवर की तीसरी गेंद पर पहले एश्ले नर्स को 2 रन पर विकेटकीपर के हाथों कैच करवाया। इसके बाद अगली ही गेंद पर उन्होंने अकीम जॉर्डन को बोल्ड कर दिया और उसके बाद ओवर की पांचवीं गेंद पर भी जोशुआ बिशप को पेवेलियन भेज दिया। यह उनके करियर की पहली हैट्रिक है। इस मैच में टॉस जीतकर जमैका ने पहले बल्लेबाजी की थी पर टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। जमैका ने 45.3 ओवर में 218 रन बनाए।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बदलीं



**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इसके पहले 12 दिन तक पेट्रोल-डीजल के दाम में इजाफा हुआ है। रविवार को तेल की कीमतों में ब्रेक लगा था। सोमवार को भी तेल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में 21 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 90.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी कल के भाव 80.97 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम कल के भाव 97.00 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.06 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल कल के भाव 91.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल 84.56 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम कल के भाव 92.59 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 85.98 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 93.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 85.84 रुपए प्रति लीटर हैं।

# गिरावट के साथ खुले बाजार

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेसेंक्स 420 अंक टूटकर 50,469.93 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 100 अंक गिरकर 14,882 के करीब कारोबार कर रहा है। निफ्टी के 50 में से 36 शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयरों में गिरावट हावी है। बाजार लाल निशान में कामकाज करता नजर आ रहा है। सेसेंक्स 156 अंकों की गिरावट के साथ 50,704.60 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं निफ्टी 45 अंक टूटकर 14,937.70 के आसपास कारोबार कर रहा है। मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। ?पिछले सत्र में शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 434.93 अंक की गिरावट के साथ 50,889.76 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 137.20 अंक की गिरावट के साथ 14,981.75 अंक पर बंद हुआ।

# सीएनजी वाहनों की बढ़ी मांग से मारुति सुजुकी को 50 फीसदी अधिक बिक्री की उम्मीद




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया को पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों के बीच अपने सीएनजी वाहनों की मांग में इजाफे की काफी उम्मीद है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में सीएनजी वाहनों की बिक्री में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना जता रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंपनी अभी भारत में कुल उपलब्ध 14 में से आठ मॉडलों में सीएनजी विकल्प प्रदान करती है। कंपनी इस पोर्टफोलियो के विस्तार के लिये भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'इस साल उद्योग में सीएनजी (वाहन) लगभग 37 प्रतिशत बढ़ा है, जब अप्रैल-जनवरी की अवधि में कुल वृद्धि नकारात्मक (18 प्रतिशत गिरावट) रही है। इसका मतलब है कि सीएनजी विकल्प बहुत अच्छी तरह से बढ़ रहा है।' यह बताते हुए कि सीएनजी वाहनों की मांग क्यों बढ़ गयी है, उन्होंने कहा कि ईंधन के रूप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। इससे वाहनों को चलने की लागत बढ़ गई है। श्रीवास्तव ने कहा, 'सीएनजी पर वाहन चलाने की लागत केवल 1.5 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि पेट्रोल और डीजल के लिये यह लगभग चार रुपये प्रति किलोमीटर है। लोग अब सीएनजी पसंद कर रहे हैं, क्योंकि चलने की लागत बहुत कम है, इसलिये सीएनजी वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है।'



डिस्ट्रिक क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक

# कोरोना को लेकर रेलवे स्टेशन पर होगी थर्मल स्क्रीनिंग, समारोहों में कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा

**ग्वालियर।**

**महाराष्ट्र सहित हाल ही में जिन राज्यों व जिलों में कोरोना के मरीज बढ़े हैं वहाँ से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जाए। सभी लोग मास्क लगाएँ एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में सभी मास्क लगाएँ और आयोजनों में लोगों की संख्या कम रहे। दुकानों के आगे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो, इसके लिये फिर से गोले बनवाए जाएँ। इस प्रकार के सुझाव डिस्ट्रिक क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में सामने आए। मंगलवार को वर्चुअल रूप से इस बैठक का आयोजन हुआ। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में ऑनलाइन क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों के सुझाव सुने और उन्हें भरोसा दिलाया कि जिले में कोविड-19 पर नियंत्रण के लिये आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जायेंगे।**



बैठक में आए सुझावों पर भी अमल कराया जायेगा। साथ ही लोगों को जागरूक करने के प्रयास भी होंगे। उन्होंने कहा जिले में कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के प्रयास गंभीरता के साथ किए जायेंगे। बैठक में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल व श्री मदन कुशवाह एवं श्री भूपेन्द्र जैन सहित क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी के अन्य सदस्यों ने इस बैठक में वर्चुअल हिस्सा लिया और अपने सुझाव भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि खासतौर पर रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों का तापमान लेने (थर्मल स्क्रीनिंग) की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही जिले में होने वाले शादी समारोह एवं अन्य आयोजनों में भीड़ कम करने के प्रयास भी किए जायेंगे। आयोजकों को साफतौर पर बताया जायेगा कि कार्यक्रम में सभी लोग अनिवार्यतः मास्क लगाएँ और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बैठें। कार्यक्रम स्थल पर हैण्ड सेनेटाइजर व हाथ धोने के लिये साबुन-पानी की व्यवस्था भी अनिवार्यतः की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में अगर कोविड-19 के प्रकरण बढ़ेंगे तो फिर से क्राइसेस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक आयोजित कर कोविड-19 पर नियंत्रण के लिये आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पिछले अनुभव बताते हैं कि प्रदेश के भोपाल व इंदौर शहर में कोरोना मरीज बढ़ने के लगभग एक से दो माह के बाद ग्वालियर में कोरोना का प्रकोप बढ़ा था। इसलिये जिलेवासियों को पूरी तरह सजग, सतर्क व सावधान रहने की जरूरत है। बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री रिंकेश वैश्य भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

## ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**ग्वालियर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में लक्ष्मणगढ़ पुल के पास पार्टी मना कर लौट रहे युवकों की कार में एक ट्रक चालक ने टक्कर मार दी इसके बाद ट्रक चालक ने भागने लगा तभी कार सवार युवकों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया इसी बीच ट्रक की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई ।पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक जप्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार अमलतास कॉलोनी निवासी उत्कर्ष चौहान अपने दोस्तों साहिल भोलू तोमर केतन तोमर गौरव कंसाना सत्यम तोमर के साथ बीती रात पार्टी मनाने लक्ष्मणगढ़ हाईवे स्थित ढाबे पर गए थे ।रात को जब वह अपनी कार से वापस लौट रहे थे तभी लक्ष्मणगढ़ के पास एक ट्रक क्रमांक एमपी 07सीएफ 5435 ने उनकी कार को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार में सवार युवकों ने ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास किया तो ट्रक चालक वाहन सहित भागने लगा इसी बात इसी बीच ट्रक की चपेट में आकर उत्कर्ष चौहान की मौत हो गई ।



## जनसुनवाई

## कलेक्टर ने आवेदकों से की चर्चा और दिए निराकरण के निर्देश

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जन-सुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में 50 से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। आवेदन पत्रों को मौके पर निराकरण के साथ ही कुछ आवेदन पत्रों में समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण के दिशा-निर्देश दिए गए। प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जन-सुनवाई में कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य व श्री टी एन सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में आर्थिक सहायता, नामांतरण एवं जमीन संबंधी कई आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी आवेदन आवेदकों से कलेक्टर ने चर्चा की और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## युवक लिव इन रिलेशन में रहा युवती गर्भवती हुई तो छोड़कर भागा

**ग्वालियर ।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक को अविवाहित समझकर प्यार किया और युवक, युवती के साथ कई महीनों तक लिव इन रिलेशन में रहा।इस बीच युवती गर्भवती हो गई तो उसे छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलबार को शिवपुरी निवासी 24 वर्षीय थाटीपुर थाने पहुंची युवती ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात सूरज खेर निवासी सबलगढ़ मुरैना से हुई थी। उसके बाद सूरज उससे मिलने लगा। दोनों में प्यार हो गया। अक्टूबर 2020 में युवती पढ़ाई के लिए ग्वालियर आई। यहां थाटीपुर थाना क्षेत्र के कुम्हारपुरा में रूम किराए पर लिया। उसके साथ में सूरज भी रहने लगा। दोनों कई महीनों तक लिव इन में रहे, लेकिन अभी जनवरी में युवती को पता लगा कि वह गर्भवती है तो उसने सूरज को शादी करने के लिए कहा। इस पर वह शादी करने से मुकर गया। साथ ही उससे यह कहकर भाग गया कि वह पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप है।

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने मारपीट कर महिलाओं और युवक को लूटा

**ग्वालियर।** देहात के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम कराई महोना रोड पर स्थित कमडऊ की पुलिया के पास अपनी ताई और चाची के साथ भंडारे में शामिल होने जा रहे युवक पर चार बदमाशों ने हमला कर उसकी मारपीट कर नगदी और महिलाओं के गहने छीन कर भाग गए ।पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के सरवाया निवासी सतीश धाकड़ बीते रोज अपनी ताई फूलवती और चाची रेखा के साथ भंडारे में शामिल होने जा रहा था तभी आरोन थाना क्षेत्र के कमडऊ की पुलिया पर चार बदमाशों ने उसकी बाइक रोक ली।। युवक की बाइक रोकते ही बदमाशों ने उस पर लाठी से हमला कर दिया जब उसकी ताई और चाची बचाने आई तो बदमाशों ने युवक की ताई और चाची की भी मारपीट कर दी और दोनों महिलाओं के गहने तथा युवक की जेब से पर्स छीन कर भाग गए ।। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### दुकानों में लगी लाखों का नुकसान

**ग्वालियर।** शहर के बहोडापुर थाने के आनंद नगर में बीती रात अचानक तीन दुकानों में आग लग गई और कुद ही देर में आग ने दुकान के ऊपर बने मकान को अपनी चपेट में ले लिया उस समय घर में पांच सदस्य मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने दमकल दस्ते को सूचना दी मौके पर पहुंची दमकल ने किसी तरह लोगों को घर से बाहर निकाला और आग पर काबू पाया ।घटना में लाखों रुपए का सामान जल कर खाक हो गया । आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 2 बजे पर दमकल कंट्रोल रुम से सूचना मिली थी कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित डबल रोड आनंद नगर में कमलेश दीक्षित के मकान में बनी तीन दुकानों में आग लग गई है घटना की सूचना मिलते ही तत्काल आनंद नगर दमकल सब स्टेशन से एक फायर बिग्रेड आग बुझाने के लिए मौके पर भेजी दमकल जब मौके पर आई तो दुकानों के शटर के पास लगे बिजली के मीटर से स्पार्किंग होने लगी। ऐसे में पानी नहीं फेंका जा सकता था। साथ ही इसी समय पता लगा कि दुकान के ऊपर घर में परिवार फंसा है। सबसे पहले रेस्क्यू कर परिवार को बाहर निकाला और बिजली बंद करवाने के बाद फायर बिग्रेड से पानी फेंका गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दुकान संचालक आशीष तिवारी व योगेश दीक्षित भी मौके पर पहुंच गए। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट सामने आया है।पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### सीढ़ियों से गिरकर घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**ग्वालियर ।** कोतवाली थाने के दानाओली में तीन दिन पहले सीढ़ियों से गिरकर घायल अघेड की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दानाओली निवासी मुकेश पुत्र बाबूलाल बंसल 55 साल शनिवार की रात को घर की सीढ़ियों पर चक्कर आने से गिर गए। मुकेश को गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्रकारों ने रेल टिकट में रियायत को लेकर रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**ग्वालियर।** रेल यात्रा के दौरान पत्रकारों को रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायत पुनः प्रारंभ किए जाने तथा उनके परिवार को भी एक से अधिक बार यह सुविधा प्रदान करने की मांग को लेकर आज ग्वालियर प्रेस क्लब ,मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के नेतृत्व में पत्रकारों ने रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे का धरना देकर केन्द्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल के नाम रेलवे प्रबंधन जीएस राठौर को ज्ञापन सौंपा। कोरोना काल में पत्रकारों एवं अन्य वर्गों को रेल यात्रा में दी जाने वाली रियायत को बंद कर दिया गया था। देशभर में कोरोना लगभग समाप्त हो जाने के बाद ट्रेने शुरू कर दी गई है। लेकिन इस यात्रा रियायती सुविधा को पुनःप्रारम्भ नहीं किया गया है। ग्वालियर प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश पत्रकार संघ एवं अन्य संगठनों द्वारा पत्रकारों की यात्रा में रियायत दिये जाने के लिये रेल मंत्री के नाम पूर्व में ज्ञापन सौंपने के बावजूद आज दिनांक तक इस सुविधा को वहाल नहीं किया गया । इस बात को लेकर पत्रकारों में गुस्सा है। आक्रोशित पत्रकारों ने रियायत की सुविधा तुरंत बहाल करने साथ ही पत्रकारों के परिवार को भी एक से अधिक बार रेलवे रियायत की सुविधा प्रदान किये जाने की मांग करते हुए आज प्रातः ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर दो घण्टे का धरना दिया । धरने को शहर के तमाम सामाजिक राजनीतिक संगठनों ने अपना समर्थन व्यक्त किया। धरने के पश्चात पत्रकारों ने अपनी मांग से युक्त रेलमंत्री के नाम ज्ञापन रेलवे प्रबंधन को सौंपा इसमें पत्रकारों की मांग शीघ्र पूर्ण करने की बात रेलमंत्री से कही गई है। धरने को शहर के कई सामाजिक राजनीतिक संगठनों लेखकों बुद्धिजीवियों ने अपना समर्थन देकर उनकी मांग को जायज ठहराया है। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सम्राट, चन्द्रमोहन नागोरी, अजय मिश्रा, दिनेश राव, रामकिशन कटारे, हरिशचन्द्रा, आनंद त्रिवेदी, राज दुबे, विनोद शर्मा, सुनील पाठक, भूपेन्द्र साहू, विजय यागिक, डीडी शर्मा, फूलचन्द्र मीणा, मचल सिंह बैस, रवि यादव, विक्रम प्रजापति, कोक सिंह, जयदीप सिकरवार, अय्यूब खान, धर्मवीर सिंह, मुकेश बाथम, राकेश वर्मा, पीडी सोनी, नरेन्द्र परिहार, मीना शर्मा, कमल वर्मा, अनूप चौहान, नरेन्द्र मोदी, मनीष नायक आदि पत्रकार उपस्थित थे। इस धरना स्थल पर बैठे पत्रकारों को वरिष्ठ पत्रकार अवध आनंद एवं अमेरिका से वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल ने शुभकामनाएं देते हुये अपना समर्थन दिया।

### सीढ़ियों से गिरकर घायल अघेड की इलाज के दौरान मौत

**ग्वालियर।** कोतवाली थाने के दानाओली में तीन दिन पहले सीढ़ियों से गिरकर घायल अघेड की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दानाओली निवासी मुकेश पुत्र बाबूलाल बंसल 55 साल शनिवार की रात को घर की सीढ़ियों पर चक्कर आने से गिर गए। मुकेश को गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




# कलेक्टर सिंह निभायेंगे रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी

**ग्वालियर।**

**प्रस्तावित नगरीय निकायों के आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों में चुनाव सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है।**

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह (मोबा. 8989867665) नगर निगम ग्वालियर के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व निभायेंगे। वे कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष क्र.-101 में बैठकर रिटर्निंग ऑफीसर के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ग्वालियर नगर निगम परिषद के महापौर पद के नामांकन व अन्य चुनावी दायित्वों को अंजाम देने के लिये संयुक्त कलेक्टर श्री सी बी प्रसाद (मोबा. 9425117062) को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री प्रसाद कलेक्ट्रेट के कक्ष क्र.-101 (कलेक्टर न्यायालय) में बैठकर यह कार्य सम्पन्न करायेंगे। इसी प्रकार ग्वालियर नगर निगम के वार्ड-1 से 11 तक के चुनाव कार्य के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ग्वालियर श्री प्रदीप सिंह तोमर (मोबा. 9425112082) सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाए गए हैं। वे कलेक्ट्रेट के कक्ष क्र.-206 में बैठकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वार्ड-12 से 22 तक के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी झाँसी रोड़ श्री विनोद भार्गव (मोबा. 9425116564 एवं कक्ष क्र.-109), वार्ड-23 से 33 तक के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुरार श्रीमती पुष्पा पुषाम (मोबा. 9425309123 एवं कक्ष क्र.-108), वार्ड-34 से 44 तक के लिये संयुक्त कलेक्टर एवं सीईओ साडा श्री के के सिंह गौर (मोबा. 9911971843 एवं कक्ष क्र.-109), वार्ड-45 से 55 तक के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ग्वालियर ग्रामीण श्री एच बी शर्मा (मोबा. 9425743666 एवं कक्ष क्र.-107) एवं वार्ड-56 से 66 तक के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी लश्कर श्री अनिल बनवारिया (मोबा. 9425112874 एवं कक्ष क्र.-209) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। **जिले के अन्य नगरीय निकायों के रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफीसरः** नगर पालिका परिषद डबरा के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री प्रदीप



कुमार शर्मा (मोबा. 9425129303) को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। अपर तहसीलदार डबरा श्री सीताराम वर्मा (मोबा. 9425791351) को यहाँ के सभी 30 वार्डों के लिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। नगर परिषद पिछोर के लिये तहसीलदार श्री रामनिवास सिंह सिकरवार (मोबा. 9340800197) रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार श्री बी एम आर्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मोबा. 9174762305), नगर परिषद बिलौआ के लिये अपर तहसीलदार श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा (मोबा. 700068325) को रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार श्री आनंद गोस्वामी (मोबा. 8223881581) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नगर परिषद भितरवार के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री अश्विनी कुमार रावत (मोबा. 9425031804) रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार श्री श्यामू श्रीवास्तव (मोबा. 9479933777) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नगर परिषद आंतरी के लिये तहसीलदार श्री एल एन वर्मा (मोबा. 7898974214) को रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार श्रीमती ज्योति जाटव (मोबा. 9685856952) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नगर परिषद मोहना के लिये तहसीलदार श्री अनिल राघव (मोबा. 9754517106) को रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार श्री विश्राम सिंह बघेल (मोबा. 7587966881) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478